हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 337, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 31 मई, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## 'सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर कोई न्यायिक अधिकारियों की छवि को खराब नहीं कर सकता', सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया का उपयोग करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं किया जा सकता है। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के द्वारा जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए एक व्यक्ति को 10 दिनों की जेल की सजा सुनाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए की।



**आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकतेः सुप्रीम कोर्ट**– न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, "सिर्फ इसलिए कि आपको एक अनुकूल आदेश नहीं मिला है, आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकते।" न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ केवल कार्यपालिका से ही नहीं बल्कि बाहरी ताकतों से भी स्वतंत्रता है। यह दूसरों के लिए भी एक सबक होना चाहिए। न्यायिक अधिकारी पर कोई भी आक्षेप करने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए था। उन्होंने न्यायिक अधिकारी को अपशब्द कहे। न्यायिक अधिकारी की छवि को हुए नुकसान के बारे में सोचें।

**याचिकाकर्ता की सुप्रीम कोर्ट से नरमी बरतने की मांग**– याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट से नरमी बरतने की मांग की और कहा कि कारावास का आदेश अत्यधिक था। वकील ने कहा कि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है और आवेदक 27 मई से पहले ही जेल में है। शीर्ष अदालत की पीठ ने तब टिप्पणी की, हम यहां कानून पर फैसला करने के लिए हैं, दया दिखाने के लिए नहीं। खासकर ऐसे व्यक्तियों के लिए।

**कृष्ण कुमार रघुवंशी की याचिका पर सुनवाई**– शीर्ष अदालत कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए उनके खिलाफ शुरू किए गए आपराधिक अवमानना मामले में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एसपीएस बंदेला द्वारा न्यायालय की अवमानना अधिनियम की धारा 15(2) के तहत किए गए एक संदर्भ के जवाब में रघुवंशी के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई थी। यह संदर्भ रघुवंशी द्वारा मंदिर से संबंधित विवाद में अदालत के आदेशों की अवहेलना और व्हाट्सएप के माध्यम से अदालत की छवि, प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को खराब करने वाले एक पत्र के प्रसार पर आधारित था।

### बीते नौ वर्षों में रक्षा निर्यात 23 गुना बढ़ा, 'मेड इन इंडिया' रक्षा उत्पादों में भी इजाफा

नई दिल्ली। भारत का रक्षा निर्यात अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पीआईबी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2013-14 में देश का रक्षा निर्यात 686 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 16,000 करोड़ हो गया है। इस में 23 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा निर्यात में यह वृद्धि देश के वैश्विक रक्षा सामग्री निर्माण में बढ़ोतरी को दर्शाती है। भारत फिलहाल 85 से अधिक देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। भारत के रक्षा उद्योग ने वैश्विक मानकों के साथ उत्पादन करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। वर्तमान में एक सौ से अधिक फर्म रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। देश के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बीते नौ वर्षों के दौरान कई नीतिगत कदम उठाए हैं। निर्यात की प्रक्रिया को पूर्व की तुलना में आसान किया गया है। इससे उद्योग जगत को काम करने में आसानी हो रही है। रक्षा उत्पादों के निर्यात के मामले में भी सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दे रही है।

### शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका, अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी में शराब नीति के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार से संबंधित आरोप के मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मनीष सिसोदिया दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। सिसोदिया ने निचली अदालत के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी क्योंकि निचली विशेष अदालत ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की खंडपीठ ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि सिसोदिया के शक्तिशाली व्यक्ति होने के कारण उनके गवाहों को प्रभावित करने की संभावना है। जिरह के दौरान, सीबीआई ने मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका का विरोध किया था। सीबीआई ने कहा था कि सिसोदिया का कार्यपालिका, कार्यालयों और नौकरशाहों के साथ घनिष्ठ संबंध है। ऐसे में जांच को प्रभावित किया जा सकता है। कोर्ट ने 11 मई को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया ने निचली अदालत के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी क्योंकि निचली विशेष अदालत ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## ईंधन की कीमतें ऊंची रखकर मुनाफाखोरी कर रही सरकार, चिदंबरम ने केंद्र पर लगाया आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह लोगों की कीमत पर ईंधन पर ऊंचे करों के जरिये मुनाफाखोरी कर रही है। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई बढ़ने का एक कारण पेट्रोल और डीजल की कृत्रिम रूप से रखी गई ऊंची कीमतें हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सरकार पर हमला बोला और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से एक अंग्रेजी अखबार का संपादकीय पढ़ने का आग्रह किया, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि 2010 और 2014 के बीच यूपीए और एनडीए सरकारों पर पेट्रोल की कीमतों को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि सितंबर 2014 के बाद से 'नियंत्रण मुक्त' सुधार रुक गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से 2021 के बीच कच्चे तेल की कीमतें 60 डॉलर से नीचे थीं, जब रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, तब यह चरम पर था, लेकिन सके बाद यह फिर गिरकर 75 डॉलर पर आ गया है। फिर भी, सरकार ने कच्चे तेल की कम कीमतों का लाभ पेट्रोल और डीजल की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को नहीं दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, "यह स्पष्ट है कि सरकार आम लोगों की कीमत पर उच्च करों और उपकरों



के माध्यम से 'मुनाफाखोरी' कर रही है।" उन्होंने कहा, "महंगाई बढ़ने का एक कारण पेट्रोल और डीजल की कृत्रिम रूप से ऊंची कीमतें रखना है। कांग्रेस केंद्र सरकार पर कच्चे तेल की कम कीमतों का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं देने का आरोप लगा रही है और उनके लिए राहत की मांग कर रही है।"

### उत्तरी सीमा पर चीन दे रहा चुनौती, लेकिन सशस्त्र बल किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षमः सीडीएस अनिल चौहान

पुणे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, लेकिन कुछ समय में चीजें ठीक हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति अब उग्रवाद से संबंधित नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, मणिपुर में तीन मई को शुरू हुए जातीय दंगों में मरने वालों की संख्या 80 हो गई है। सीडीएस चौहान मंगलवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने पुणे में थे। इस दौरान मणिपुर की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि सेना और असम राइफल्स को 2020 से पहले मणिपुर में तैनात किया गया था। मणिपुर में अब स्थिति उग्रवाद से संबंधित नहीं है। यह दो जातियों के बीच टकराव है और कानून व्यवस्था की स्थिति है। हम इस समस्या में राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा कि सशस्त्र बलों और असम राइफल्स ने वहां एक उत्कृष्ट काम किया है और बड़ी संख्या में जान बचाई है। हालांकि, मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, इसमें कुछ समय लगेगा। उम्मीद है कि यह सुलझेगा और वहां की सरकार सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) आदि की मदद से काम करने में सक्षम होगी।

## चौकी में युवक की पिटाईः यूपी पुलिस पर अखिलेश का तंज- अच्छा हुआ दरोगा के हाथ में बेल्ट है, थार या बुलडोजर नहीं

बदायूं। बदायूं जनपद की एक पुलिस चौकी में युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। कच्छा बनियान पहने थानेदार ने पटे से युवक को जमकर पीटा। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को घटना का वीडियो ट्वीट कर लिखा, यूपी पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी के अकार्यवाहक दरोगा ने अपने आराम में खलल पड़ने पर फरियादी जनता पर ही अपनी बेल्ट से हिंसक प्रतिक्रिया दी। अच्छा हुआ दरोगा के पास बेल्ट है, थार या बुलडोजर नहीं, नहीं तो...। यह घटना वजीरगंज थाने की बगरैन पुलिस चौकी की बताई गई है। पुलिस चौकी परिसर में थानेदार ने युवक की जमकर पिटाई की। इसके बाद उसको पुलिस चौकी परिसर में ही दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। युवक बचाने के लिए हाथ



जोड़ता रहा, लेकिन पटा हाथ में लिए थानेदार उसे पीटते रहे। वायरल वीडियो में युवक की पिटाई करते दिख रहे थानेदार कच्छा बनियान पहने हुए हैं। उनके हाथ में पटा है। युवक पिटाई कर रहे थानेदार से कह रहा है कि मार लो कितना मारोगे, जान से ही मार सकते हो न। घटना का वीडियो ट्वीट कर सपा मुखिया ने यूपी सरकार और पुलिस पर तंज कसा है।

मामला पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा तो कुछ ही देर में ट्विटर पर अपलोड वीडियो को हटवा दिया गया। एसएचओ वजीरगंज धनंजय पांडेय ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है, ट्विटर पर वीडियो था, लेकिन बाद में किसी ने हटा दी। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## अब खुलेंगे राज! प्रतापगढ़ जेल में अतीक-अशरफ के शूटरों से फिर पूछताछ करेगी एसआईटी

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के आरोपितों से फिर पूछताछ होगी। सभी सवालों का प्रमाणिक और संतोषजनक जवाब न मिलने पर नार्को टेस्ट या लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने की तैयारी की जाएगी। अभियुक्तों से पूछताछ के लिए न्यायिक आयोग भी आ सकता है। जेल में पूछताछ इसलिए होनी है कि उन्हें कस्टडी रिमांड पर नही लिया जा सकता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम की ओर से आरोपितों की कई बार न्यायिक अभिरक्षा बढ़ाई गई है। 15 अप्रैल की रात शूटरों ने काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों को मौके से दबोच लिया था। पूछताछ में पता चला था कि लवलेश बांदा, सनी सिंह हमीरपुर और अरुण मौर्य कासगंज का रहने वाला है। इसके पास से तुर्किये निर्मित जिगाना, गिरसान और एक कंट्री मेड पिस्टल बरामद हुई थी। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश मौर्य की तहरीर पर शाहगंज थाने में तीनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया। इसके बाद हत्याकांड की विवेचना एसआईटी को दी गई। एसआईटी ने शूटरों को पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया और पूछताछ की।



इस दौरान पता चला कि दिल्ली के गोगी गैंग ने सनी सिंह को विदेशी पिस्टल रखने के लिए दिया था। लेकिन गोगी की हत्या के बाद पिस्टल लेकर अपने घर भाग निकला। इसके बाद अपना नाम कमाने के लिए अतीक और अशरफ को मौत की नींद सुला दी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी के बयान से कुछ नई जानकारी मिली है , जिसके संबंध में शूटरों से पूछताछ की जानी है।

## एमएलसी चुनाव में सपा की हार पर मायावती ने कसा तंज, बोलीं- नहीं बदली सपा की षडयंत्रकारी नीति

लखनऊ। यूपी एमएलसी की दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा के दोनों प्रत्याशियों के जीतने व सपा के दोनों प्रत्याशियों के हारने पर मायावती ने तंज कसते हुए सपा को षडयंत्रकारी बताया है। मायावती ने कहा कि सपा ने जानबूझकर दलित व ओबीसी उम्मीदवार को खड़ा किया और फिर उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए कल हुए उपचुनाव में, हार निश्चित होने के बावजूद, चुनाव में सपा द्वारा दलित व ओबीसी उम्मीदवार को खड़ा करना, हरवाना तथा ज्यादा संख्या बल होने पर इनकी अनदेखी करना यह साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की षडयंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली। सपा व इनकी रही सरकारों के दौरान इनकी ऐसी ही संकीर्ण व घृणित राजनीति से दलितों, अन्य पिछड़ों एवं अक्लियत समाज के लोगों का काफी अहित होता रहा है। इसीलिए आगे ऐसे नुकसान से बचने



के लिए इन वर्गों के लोगों को हमेशा बहुत ही सावधान रहने की सख्त जरूरत है, बीएसपी की यह अपील। बता दें कि विधान परिषद की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की है। भाजपा के मानवेन्द्र सिंह व पदमसेन चौधरी विजयी हुए हैं। सपा को इस चुनाव में भी निराशा हाथ लगी है। मानवेन्द्र को 280 व सपा के रामजतन राजभर को 115 मत मिले हैं। एक मत अवैध हो गया। इसी प्रकार पदमसेन को 279 व सपा के रामकरन निर्मल को 116 मत मिले। इसमें भी एक मत अवैध हुआ। इस चुनाव में भाजपा के आगे विपक्ष बिखर गया। कांग्रेस व बसपा ने भी सपा का साथ नहीं दिया। कांग्रेस के दो व बसपा के एक मात्र विधायक ने मतदान में हिस्सा ही नहीं लिया। ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा ने भी सत्ताधारी दल भाजपा का साथ दिया। रघुराज प्रताप सिंह की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भी भाजपा प्रत्याशियों को वोट दिया। सिक्किम के राज्यपाल बनने के बाद भाजपा एमएलसी लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने इस साल 15 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। वहीं, बनवारी लाल दोहरे की 15 फरवरी को मृत्यु होने के बाद दोनों ही सीटें रिक्त हो गईं थीं।

## कानपुर-इटावा हाईवे पर हादसा, सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी-भाभी गंभीर



औरैया। कुठौंद क्षेत्र जनपद जालौन से रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर मंगलवार की सुबह अजीतमल लौट रहे दंपती सहित तीन लोग मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर-इटावा हाईवे पर करमपुर गांव समीप बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में वाहन ने टक्कर मार दी। घायलों में एक ने जिला अस्पताल में आकर दम तोड़ दिया। जबकि दो की हालत को देखते हुए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई रेफर किया गया है। रामनरेश दोहरे पुत्र गेंदालाल निवासी खेतूपुर अजीतमल बाइक से अपनी पत्नी सुषमा व भाभी प्रेमा के साथ कुठौंद से लौट रहा था। एक बाइक पर तीनों सवार रहे। घर से लगभग 12 किमी दूर औरैया सीमा में करमपुर गांव के सामने वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। घायल हुए तीनों को जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया।रामनरेश को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी पत्नी सुषमा और भाभी को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद सैफई भेजा गया। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्र ने बताया कि हादसे में एक की मौत हुई है। दो घायल है। घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त बाइक मिली।

## कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के सामने रखीं 12 मांगें, कहा- उच्चस्तरीय जांच आयोग गठित करें

इम्फाल। हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति बहाली के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर हिंसा की खबरें आ रही हैं। इस हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है। जहां आज सरकार ने पीड़ित परिवारों के दुख पर मरहम लगाने के लिए मुआवजे का एलान किया है। तो वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन की मांग की।



मणिपुर की स्थिति को लेकर मंगलवार दोपहर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। वहीं, कांग्रेस नेता ने बताया कि मणिपुर के बिगड़ते हालात को काबू लाने के लिए उन्होंने मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। नेता ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें रखी हैं।

**10 लाख रुपये मुआवजे का एलान**– वहीं, अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि केंद्र और मणिपुर राज्य सरकार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के दौरान मरने वालों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही, दंगे में मरने वालों के परिवार के एक सदस्य को भी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुआवजे की राशि केंद्र और राज्य सरकार समान रूप से वहन करेगी। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि अफवाहों की वजह से राज्य में लगातार हिंसा बढ़ी है। जब भी शांति का माहौल बनता है तो कोई न कोई गलत जानकारी देकर अशांति फैला देता है। इसलिए अब अफवाह फैलाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए एक टेलिफोन नंबर भी जारी करने का फैसला लिया है।

बता दें, सोमवार देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के बीच हुई बैठक में मुआवजे देने का फैसला लिया गया। शाह की बैठक में यह भी सुनिश्चित करने का फैसला किया गया कि कीमतें कम करने के लिए पेट्रोल, एलपीजी गैस, चावल और अन्य खाद्य उत्पादों जैसी आवश्यक वस्तुओं को बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराया जाएगा। सोमवार रात इंफाल पहुंचे गृह मंत्री के साथ गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका भी मौजूद रहे। अमित शाह मंगलवार को मेइती और कुकी दोनों समुदायों के राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं के साथ कई बैठकें करेंगे और इस महीने की शुरूआत में सबसे खराब दंगों के स्थल चुराचांदपुर का दौरा करेंगे।

## 'गंगा में बहा देंगे मेडल...' पहलवानों का एलान, कहा- अब इंडिया गेट पर देंगे धरना

नई दिल्ली। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का विरोध कर रहे पहलवानों ने आज बड़ा एलान किया है। पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर कहा है कि वह अपने जीते हुए सभी मेडल को गंगा नदी में बहा देंगे।



**जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों को हटाया गया**– 29 मई को जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों को वहां से हटाया गया। करीब 109 पहलवानों व उनके समर्थकों को हिरासत में लेकर पुलिस ने उन्हें अलग-अलग थानों में रखा और देर शाम सभी को छोड़ दिया। इसके अलावा सभी को हिदायत दी गई कि वे दोबारा जंतर-मंतर पर धरना नहीं देंगे। डीसीपी और दिल्ली पुलिस की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमन नलवा ने कहा था कि 28 मई को प्रदर्शन को लेकर पहलवानों से बात-चीत की गई पर उन्होंने कुछ भी सुनने से मना कर दिया है। इसलिए उन्हें हिरासत में लेना पड़ा। अगर ये कहीं और प्रदर्शन करने की इजाजत मांगेंगे तो इजाजत दी जा सकती है, लेकिन अब जंतर-मंतर पर बैठने नहीं दिया जाएगा। गौरतलब है कि सात महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया है और पहलवान उन पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे।

## संपादकीय

# नए संसद भवन के लोकार्पण पर इतिहास के अमिट हस्ताक्षर

भारत में 96 वर्ष के बाद संसद को नया भवन मिला है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। लोकतंत्र के इस नए मंदिर में विधि विधान और पूजा पाठ के बाद सम्पन्न हुआ। लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास प्रधानमंत्री ने अपने कर कमलों से सैंगोल स्थापित किया है। यह सैंगोल राजतंत्र का प्रतीक है। इसे राजदंड भी कहा जाता है। मठ और मंदिर द्वारा जब नये राजा का राज्याभिषेक होता था। तब राजा को यह राजदंड भेंट किया जाता था। नई संसद भवन के लोकार्पण के अवसर पर सर्व धर्म सभा का आयोजन हुआ। भारत में इतने सारे धर्म और इतनी सारी धार्मिक और सामाजिक परंपराएं हैं। उन्हें एक जगह पर एकत्रित कर पाना नामुमकिन है। फिर भी सरकार ने प्रयास किए, प्रमुख धार्मिक गुरुओं को लाकर सत्ता के स्थायीकरण के लिए मंत्रोच्चारण कराए गए, यह अच्छी बात है। संसद के नए भवन की देश और दुनिया में जिस तरह से उद्घाटन समारोह की चर्चा हुई है। उद्घाटन समारोह के दौरान जो-जो हुआ है। वह निश्चित रूप से अमिट इतिहास के रूप में दर्ज होगा। इस इतिहास को मिटा पाना,उकिसी के लिए संभव नहीं होगा। इतिहास चिरस्थाई होता है। इतिहास को बदलना किसी के लिए भी संभव नहीं होता है। भारत सनातन धर्म मानने वाला देश है। पौराणिक, धार्मिक एवं सामाजिक आस्थाओं का जितना ज्ञान भारत में लिपिबद्ध है। वह दुनिया के अन्य किसी देश में पास नहीं है। सनातन धर्म की तरह भारतीय संस्कृति भी अनादि काल से चली आ रही है। श्रुति के माध्यम से एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को ज्ञान देती रही है। क्योंकि तब कोई लिपि और भाषा नहीं होती थी। हमारे साधु-संतों आचार्यों ने लिपि आने के बाद इसे समय-समय पर पौराणिक और ऐतिहासिक घटनाओं को दस्तावेजों के रूप में लिपीबद्ध किया है। सनातन काल से आज तक के इतिहास में कोई भी एक विचारधारा स्वीकार्मता नहीं मिली ह, यह सच है। शिव भक्तों और वैष्णव भक्तों में भी समय-समय पर लड़ाइयां होती रही हैं। घर परिवार में भी लगातार विवाद होते रहते हैं। सत्ता के लिए धर्म का उपयोग कोई पहली बार नहीं हो रहा है। इसके भी हजारों उदाहरण हैं। वही सत्ता इतिहास के पन्नो में ज्यादा समय तक कायम रही है। जिसमें जनकल्याण की भावना थी। धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक संस्कार और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं। लेकिन राजधर्म की सत्ता मे प्रजा का सुख शांति एवं सुरक्षा ही सर्वोपरि होती है। नए संसद भवन के उद्घाटन में लोकतंत्र से राजतंत्र की ओर जाने का एक सफर देखने को मिला है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। लोकतंत्र के मंदिर में राजतंत्र की परंपराओं को स्थापित करना, राजदंड के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास राजदंड की स्थापना करना, संसद की पहली कार्यवाही में लोकसभा अध्यक्ष के बराबर बैठना, लोकतांत्रिक परंपराओं और राजतंत्र की परंपराओं का भेद उजागर करने वाली हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रमुख राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में उपस्थित ना होना, भी राजतंत्र की कल्पना को मजबूत बनाता है। राज्यसभा के सदस्यों एवं राष्ट्रपति- उपराष्ट्रपित का चुनाव विधानसभा और लोकसभा के निर्वाचित प्रतिनिधि करते हैं। राज्यसभा को उच्च सदन और राष्ट्रपति को संवैधानिक मुखिया का दर्जा प्राप्त है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ही प्रमुख है। इस लोकार्पण कार्यक्रम से राष्ट्रपति को दूर रखे जाने की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया सर्वत्र हो रही है। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह बड़ी भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर जंतर मंतर पर पिछले कई दिनों से बैठे पहलवानों के साथ, जो भारत के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव के रूप में स्थापित हो चुके हैं। उन्हें पुलिस ने बड़ी बेदर्दी से घसीट कर गिरफ्तार किया। इस घटना को भी दुनिया भर के मीडिया ने कवर करते हुए, इतिहास के रूप में दर्ज किया है। सत्ता सर्वोपरि होती है, वह जो करना चाहती है, वह ताकत के बल पर कर लेती है। निर्बलों के समर्थन से सत्ता मजबूत होती है। नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर, यह हम भूल गए। सत्ता का नशा अहंकार को जन्म देता है। राम-रावण युद्ध की कथा हमारे पौराणिक ग्रंथों में है। इतिहास से सबक लिया जा सकता है। इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता है। इतिहास बनने के लिए लोग बहुत कुछ ऐसा करते हैं, जो भूलाना भविष्यति की सोच पर आधारित होता है। संसद के उद्घाटन समारोह की जितनी चर्चा भारत में हो रही है। उतनी ही चर्चा जंतर-मंतर में बैठे हुए पहलवानों की गिरफ्तारी, उनके पंडाल को तोड़ने, खाप पंचायतों और किसानों को बॉर्डर पर रोक देने की हो रही है। एक व्यक्ति बृजभूषण सिंह को बचाने के लिए सरकार द्वारा जन भावनाओं के साथ जो खिलवाड़ किया गया है। उससे निश्चित रूप से राज शक्ति और जनशक्ति के बीच में दूरियां बढ़ी हैं। जनशक्ति से राज शक्ति बनती है। राज तभी तक सुरक्षित रहता है, जब तक जनशक्ति उसके साथ है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान के अनुसार सत्ता जनतंत्र में निहित है। हर 5 साल में जनता, अपने लिए शासक चुनती है। शासक को चुनने और हटाने का अधिकार जनता के पास है। यही लोकतंत्र और राजतंत्र का फर्क है। राजतंत्र में विरासत में सत्ता प्राप्त होती है या ताकत से छीनी जाती है। यही हजारों और लाखों वर्षों के इतिहास का सत्य है।

## धर्म का अर्थ

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा- वो कैसे? संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

# विपक्ष ने देश की संसद से ज्यादा अपनी एकजुटता को तवज्जो दी

संविधान निमार्ताओं ने संसद भवन को भारतीय लोकतंत्र का पवित्र स्थान मानते हुए जिस संविधान का गठन किया था, उस वक्त उन्हें भी इस बात का अंदाजा नहीं होगा कि यह भवन देश के अमन और तरक्की के रास्ते पर चलते हुए विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों पर चलने की बजाय राजनीति का शर्मसार करने वाला अखाड़ा बन जाएगा। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता के विवाद और अब संसद की नई इमारत सत्ता पक्ष और विपक्ष में फजीहत का कारण बन गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष में नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर आई कडुवाहट से विश्व में भारत की छवि प्रभावित हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी टकराहट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले विपक्षी दलों पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के कारण भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। हालांकि इस मुद्दे पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी, किन्तु भाजपा और विपक्षी पार्टियों में तल्खी और बढ़ गई।



नये संसद भवन को लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है जो कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष ने नई संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया, इस बहिष्कार में भी कई दलों में एकता दिख रही है, दरअसल विपक्ष अलग-अलग मुद्दों के जरिए 2024 के चुनाव में एकजुट होकर बीजेपी की ओर चुनावी तीर चलाना चाहता है। यह नया संसद भवन सरकार और विपक्ष के बीच कटुता की एक नई इमारत के रूप में खुल रहा है। ऐसे संकेत हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव तक यह दरार और चौड़ी हो सकती है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समूचा विपक्ष राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से उद्घाटन कराने पर जोर देते हुए समारोह के बहिष्कार पर अड़ा रहा। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा कि आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। महामहिम राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है।

राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया कि 'नए संसद भवन का राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए, न कि पीएम को।' गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के बहिष्कार को लेकर कहा कि आप इसे राजनीति के साथ मत जोड़िये। सब अपने विवेक के हिसाब से काम कर रहे हैं। भाजपा ने भी कांग्रेस और दूसरे राज्यों की सरकारों के समय हुए ऐसे उद्घाटनों की फेहरिस्त गिनाई है, जिनमें राष्ट्रपति या राज्यपाल को आमंत्रित नहीं किया गया। नए संसद भवन का पीएम मोदी से उद्घाटन को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया। सभी दल अपनी सुविधा अनुसार और वोटों के समीकरण के आधार पर विरोध-समर्थन कर रहे थे। सभी की निगाहें 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ आगामी राज्य चुनावों पर भी टिकी हैं। कांग्रेस को एससी, एसटी और पिछड़ों को लुभा कर 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह उनका मजबूत वोट बैंक रहा है और कर्नाटक में भी यह उनके पक्ष में गया। माना जा रहा है कि इसलिए बहिष्कार की राजनीति में यह मोड़ आया। नए संसद भवन के बहिष्कार के मुद्दे पर कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (सपा) और आप सहित 19 विपक्षी दलों ने हाथ मिलाने का फैसला किया है। वैसे इस बात पर भी आश्चर्य नहीं कि तेलुगु देशम पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल जैसे अन्य विपक्षी दलों ने इस उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। ये पार्टियां काफी लंबे समय से बीजेपी के करीब चल रही हैं और टीडीपी निश्चित रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में फिर से शामिल होने की उम्मीद में बीजेपी के करीब आ रही है। नए भवन के उद्घाटन से पहले एक छोटा-सा हवन किया गया और इस पर भी विपक्षी पार्टी नेताओं द्वारा आपत्ति जताई जा रही है। भाजपा निश्चित तौर पर हवन के विरोध को चुनावी मुद्दा बनाने से नहीं चूकेगी। राष्ट्रवाद और राष्ट्रहित के मुद्दों पर कांग्रेस, कुछ अन्य विपक्षी दलों की तरह बैकफुट पर रही है। कम से कम लोकसभा चुनाव के लिए तो बीजेपी और प्रधानमंत्री इसे अवश्य ही मुद्दा बनाएंगे। विपक्षी दल इस मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार का पुरजोर तरीके से विरोध कर रहे हैं। विपक्षी दलों के विरोध से इस बात की ज्यादा संभावना नहीं है कि सभी एकजुट होकर आगामी लोकसभा और राज्यों में होने वाले विधानसभाओं के चुनाव मिल कर लड़ेंगे। संसद भवन से पहले राहुल गांधी की सदस्यता के मामले में विपक्षी दल एकता नहीं दिखा सके।

भाजपा का विरोध करने मात्र से विपक्षी एकता की संभावना क्षीण है। विपक्षी दल विगत कई वर्षों से भाजपा का विरोध करते आ रहे हैं, किन्तु पूर्व में हुए चुनावों में भी उनका विरोध एकता को सिरे से नहीं चढ़ा सका। केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश जारी करके दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार के अधिकारों को सीमित करने के मामले में विपक्षी दल राज्य सभा में कानून बनने से रोकने के लिए एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि कांग्रेस ने फिलहाल इससे दूरी बना रखी है, किन्तु संसद में इस कानून के पक्ष में वोट देना कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे में कांग्रेस के पास वॉकआउट ही एक रास्ता होगा। संसद भवन के उद्घाटन पर सत्तारुढ़ और विपक्षी दलों में टकराव को मुद्दा बेशक चुनावी बने, किन्तु इसमें लोकतंत्र की ढहती हुई स्वस्थ परंपराओं का एक नया अध्याय ओर जुड़ गया है। देश और लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठ कर ऐसे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर एक राय कायम करें।

# बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में भारत का कायाकल्प कर दिया है

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय से कार्य करके अपनी छाप छोड़ चुके नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में असली सफर 26 मई 2014 से उस वक्त शुरू हुआ जब उन्होंने भारत के 15वें प्रधानमन्त्री के रूप में राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित एक समारोह में शपथ ग्रहण करने का कार्य किया था। हालांकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही मोदी ने अपनी एक आम जनमानस के दिलोदिमाग पर छा जाने वाली निराली शैली, ओजस्वी वाकपटुता युक्त वाणी व दमदार व्यक्तित्व के दम पर देश के आम जनमानस के बीच बेहद कम समय में जगह बनाने का कार्य बखूबी करते हुए भाजपा को शीर्ष पर पहुंचा कर इतिहास रचने का कार्य कर दिया था। उसके बाद भी बहुत सारे ऐसे क्षण आये जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बार-बार इतिहास रचने का कार्य कर दिया था। आज अधिकांश देशवासियों का मत है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां भारतीय जनता पार्टी को देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाकर संगठनात्मक स्तर पर इतिहास रचने का कार्य किया है, वहीं नौ वर्ष में मोदी सरकार ने अपने बहुत सारे ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयों से इतिहास रचने वाली बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की हैं। आम जनमानस का मानना है कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देशवासियों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवहन, सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण नियंत्रण, सहकारिता के क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र, देश के विभिन्न क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट आदि के लिए बहुत कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में निरंतर आम जनमानस के हित के लिए आज बहुत सारी जनहितकारी योजनाओं को केन्द्र सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के काल में 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना व सभी देशवासियों को कोविड महामारी से सुरक्षित रखने के लिए टीका लगवाना मोदी सरकार के कार्यों की एक बानगी मात्र है। आज देश में मोदी सरकार के सबसे लोकप्रिय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय सड़कों का जाल पूरे भारत में बना दिया गया है, सड़क निर्माण के क्षेत्र में आये दिन गडकरी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार नित-नए कीर्तिमान बनाकर इतिहास रचने का कार्य कर रही है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहास रचते हुए दशकों से चले आ रहे एक गहरे जख्म जोकि अब नासूर बन गया था, उसको पूरी तरह से ठीक करने का कार्य करते हुए, हर देशभक्त



भारतीय को गर्व से परिपूर्ण करने का कार्य किया था। अब देश में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित संसद भवन देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतिहास के पन्नों में दर्ज होने का कार्य कर दिया है। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जिस तरह से सीमावर्ती क्षेत्रों में मोदी सरकार में सड़क निर्माण का बहुत तेजी से कार्य हुआ वह काबिल-ए-तारीफ है। देश में काले धन व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी के निर्णय इतिहास में दर्ज हो गया है। आज भारत की सेना चीन व पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से देने का कार्य कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना के जांबाज सपूतों को जंग लगे पुराने हथियारों व अन्य सभी पुराने व घटिया स्तर के साजो-सामान से मुक्ति देने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, वह नित-नए अत्याधुनिक हथियारों व साजो-सामान की खरीद करके और भारत में निर्माण करके सेना के सभी अंगों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण करके इतिहास रचने का कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गांव, गरीब व किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर समर्पित होकर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गरीब के लिए पक्का घर, हर घर शुद्ध पेयजल और 80 करोड़ लोगों के राशन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि शुरू की गई। देश के विकास की प्रथम सीढ़ी गांव व किसानों की आय को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट योजना के तहत लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से आज मंदी के वैश्विक दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था बेहद मजबूती के साथ खड़ी है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करके देश के नव निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की धाक आज पूरी दुनिया देख रही है, मोदी के चलते आज विदेशी धरती पर हर भारतीय गर्व से कहता है कि हम हिन्दुस्तानी हैं। अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेल मंत्रालय देश में रेल मार्ग के विस्तार व विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण को तेजी के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दशकों से चली आ रही शिक्षा नीति में बदलाव करके इतिहास रचने का कार्य किया है। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह देश के दिल गांवों के विकास को नया आयाम प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

पूर्व सेनाध्यक्ष व केन्द्रीय राज्य मंत्री जनरल डॉक्टर वीके सिंह की बेहतरीन कार्यशैली से आज देश का आम जनमानस परिचित है। वह देश में अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हुए विदेशी धरती पर फंसे भारतीयों को निकाल कर भारत के लिए एक संकटमोचक बन चुके हैं।

आज नव भारत निर्माण के उद्देश्य को हासिल करने के लिए देश में हर तरफ बिना किसी भेदभाव के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है, दैनिक जीवन से जुड़े हर क्षेत्र में लाखों करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है। आज देश में स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा एक नया आयाम स्थापित किया जा रहा है, जिसके प्रभाव का परिणाम यह है कि आज जब हम किसी सरकारी अस्पताल में जाते हैं या ट्रेन से यात्रा करते हैं तो वह स्वच्छ नजर आते हैं, आज मोदी ने अपने करिश्माई व्यक्तित्व से हमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्यों का बोध करवाने का काम बखूबी किया है। इन उपलब्धियों को लेकर ही मोदी सरकार की सालगिरह के अवसर को इस वर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है। सरकार देशवासियों को बता रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के द्वारा आम जनमानस के हित के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# जिले में मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस, सम्मानित किए गए पत्रकार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार गोष्ठी में पत्रकारों को सम्मानित किया गया।नगर के बैजनाथ इण्टर कालेज में मंगलवार को जोन सचिव डा ए के राय की अध्यक्षता व प्रान्तीय विशेष सचिव मयंक कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत जिला सचिव अम्बरीष सिंह ने किया। गोष्ठी में उपस्थित पत्रकारों ने राष्ट्र के स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर वर्तमान समय तक की पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नयी तकनीकी और इंटरनेट के प्रयोग से पत्रकारिता के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। पहले खबरें पाठकों तक कई दिनों के अन्तराल पर पहुंचती थी जबकि वर्तमान समय में मिनटों में ही खबर आस पास ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि आज खबरों को यथाशीघ्र उनका प्रकाशन इंटरनेट के माध्यम से किया जा रहा है परंतु आवश्यकता इस बात की है कि खबर पूरी तरह पुष्ट और



समाज हित में होनी चाहिए?। कोई भी खबर अपुष्ट व विवादित न हो ताकि समाज में भ्रम की स्थिति पैदा न हो। प्रमुख वक्ताओं व सम्मानित होने वाले पत्रकारों में सतेन्द्र नाथ शुक्ला, पद्माकर पांडेय, अनिल उपाध्याय, प्रमोद कुमार राय, उधम सिंह, रविकांत पांडेय, विजय कुमार मधुरेश, दिनेश शर्मा, नीरज यादव, संजीव अरुण कुमार आदि प्रमुख रहे। समारोह में विजय प्रताप सिंह अनुज मिश्रा, डा. पूजा श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता,अहमद नवाज, शाश्वत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन संजीव कुमार ने किया।

इसी क्रम में यूनाइटेड मीडिया पत्रकार एसोसिएशन जनपद गाजीपुर के पत्रकारो ने सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। और हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र पंचायत सभागार, पीरनगर, गाजीपुर में संस्थापक अध्यक्ष उपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का नाम है। जिसको सभी पत्रकार बंधु ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाये। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र बहुत ही बड़ा और जिम्मेदारी का क्षेत्र है। जिसके माध्यम से हमारे समाज को एक नई दिशा मिलती है। वरिष्ठ पत्रकार बी. एन. तिवारी ने हिंदी पत्रकारिता से जुड़े लोगों को 30 मई "हिंदी पत्रकारिता दिवस" की बधाई दी। और पत्रकारों के प्रति अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता मजबूत लोकतंत्र की पहचान होती है। पंडित जुगल किशोर शुक्ला ने 1826 में 30 मई को ही प्रथम हिंदी समाचार पत्र "उदंत मार्तंड" का प्रकाशन शुरू किया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।आज के इस दौर में इलेक्ट्रानिक मीडिया होने के बावजूद भी हिंदी पत्रकारिता ने ना सिर्फ स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखा है बल्कि पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हो कर उभरी है। विधिक पत्रकार सैयद मजहरूल खान ने कहा कि पत्रकारों का जीवन चुनौती से भरा




हुआ होता है । और पत्रकारिता के माध्यम से समाज को नहीं राह दिखाना एक बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य है। इस अवसर पर मो. हसीन अंसारी और महताब आलम ऊर्फ सिबू ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी पत्रकार बंधुओं को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपेन्द्र यादव, इंद्रजीत सिंह, सैयद अहमद अली उर्फ तारिक, सुनील कुशवाहा, रविंद्र सिंह यादव, गुलाम अली खान, बिलाल अहमद, हरेंद्र श्रीवास्तव, अविनाश, बृजनाथ यादव, संतोष कुशवाहा, छोटू यादव, अवशेष कुमार, कृपा शंकर यादव, राजकुमार मौर्य, मनीष कुमार गुप्ता, संदीप शर्मा, डॉ विजय नारायण तिवारी, सैयद मजलरूल खान, राजेश यादव, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, घनश्याम सिंह, रोहित चौबे, आशीष गुप्ता, जय कुमार पांडे, सत्यानंद स्वामी, संजीत यादव, दिनेश कुमार, विजय सहाय, सोभ नाथ यादव, कपिल देव राव, दूधनाथ यादव, विजय कुमार, अंगारा लाल, मो. कादिर, मो. हसीन अंसारी, फजल अहमद, राम आधार मिश्रा और महताब आलम उर्फ सीबू को अंगवस्त्र, डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. एन. तिवारी ने किया।

Entertainment News




## अब एक साल में सिर्फ एक फिल्म करेंगी अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा काफी लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब हैं। वे आखिरी बार फिल्म जीरो में शाहरुख खान के साथ साल 2018 में दिखाई दी थीं और उसके बाद 2022 में फिल्म कला में एक कैमियो रोल में दिखाई दीं। अब चार साल बाद अनुष्का पूर्व भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोग्राफी फिल्म चकदा एक्सप्रेस के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। यह फिल्म इसी साल के अंत तक नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। इस बीच अनुष्का शर्मा ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है जिसे सुनकर फैंस थोड़े निराश हो गए हैं। दरअसल अनुष्का शर्मा ने कहा है कि वे अब साल में सिर्फ एक ही फिल्म करेंगी। क्योंकि फिलहाल वो अपना फोकस अपनी फैमिली खासकर अपनी बेटी वामिका पर रखना चाहती हैं। बेंगलुरु में एक इवेंट में बोलते हुए अनुष्का ने कहा, मुझे पता है कि मेरी बेटी इस उम्र में है कि उसे मेरे वक्त की बहुत जरूरत है। विराट एक ग्रेट फादर हैं। लेकिन वह (वामिका) उस उम्र में है जहां उसे बस मेरी ज्यादा जरुरत है। हम इसे पहचानते हैं। इसलिए, मैंने ये कदम उठाया है।



## करण की फिल्म में एक बार फिर साथ में नजर आएंगे सिद्धार्थ-कियारा

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी, जिन्हें आखिरी बार अत्यधिक प्रशंसित फिल्म शेरशाह में एक साथ देखा गया था और उसके बाद पिछले साल यह कपल शादी के बंधन में बंध गया। अब यह कपल एक बार स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार है। कहा जा रहा है कि उन्हें करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने एक अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होने की उम्मीद है, जिससे बड़े पर्दे पर उनका पुनर्मिलन होगा। प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, इस प्रतिभाशाली जोड़ी से एक और मनोरम सिनेमाई अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं।



## शादी के बंधन में बंधी एक्ट्रेस सबा खान

सना खान और जायरा वसीम समेत बॉलीवुड की ऐसी कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने इस्लाम कबूल कर ग्लैमर वर्ल्ड को अलविदा कह दिया। इसी लिस्ट में अब एक नाम भोजपुरी एक्ट्रेस सबा खान का भी जुड़ गया है। सबा ने कुछ दिनों पहले ही इंडस्ट्री में काम करना बंद कर दिया था, जिसके बाद अब एक्ट्रेस के निकाह की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं। वायरल हो रही तस्वीरें, सबा के शादी के रस्मों की हैं। भोजपुरी की मशहूर एक्ट्रेस सबा खान शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। इस खुशखबरी को खुद एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए फैंस संग शेयर किया है। सबा खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वेडिंग एल्बम्स से कुछ तस्वीरें और वीडियोज को पोस्ट किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। बता दें कि सबा खान ने कुछ दिनों पहले ही भोजपुरी इंडस्ट्री को अलविदा कहा था। और अब जब एक्ट्रेस को उनके सपनों का राजकुमार मिल गया तब उन्होंने खुशी- खुशी शादी कर ली।



# आईफा 2023 में नोरा फतेही से लेकर जैकलीन के अवतार ने लूटी लाइमलाइट

आईफा अवार्ड नाइट 2023 में बॉलीवुड सितारों ने बन-ठनकर शिरकत की है। ग्रीन कार्पेट पर ग्लैमरस अंदाज में वॉक कर सितारों ने महफिल







में खूब चार-चांद जोड़े हैं, किसी ने सिर पर पल्लू रखकर तो किसी ने कटी-पिटी ड्रेस में अपने फैशन का जलवा दिखाया है। आइए, यहां देखते हैं किस सेलेब ने किस लुक में आईफा अवार्ड फंक्शन में एंट्री ली। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और सारा अली खान की जोड़ी ने आईफा के मेन इवेंट में खूब जलवा दिखाया है। सारा ने रेड फ्रिल-साड़ी गाउन तो विक्की ने ब्लैक सूट में स्टाइलिश अंदाज दिखाया। वहीं नुशरत भरूचा ने हाई स्लिट पिंक ड्रेस में जमकर अपने हुस्न का दीदार कराया है। अभिषेक बच्चन और विक्की कौशल ने आईफा 2023 मेन इवेंट को अपनी मजेदार कैमेस्ट्री के साथ होस्ट किया है। अनिल कपूर ने आईफा 2023 के ग्रीन कार्पेट से लेकर मेन स्टेज पर अपनी मजेदार अंदाज और कमाल के स्टाइल का जलवा दिखाया है। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और नोरा फतेही के फैशन सेंस के तो क्या ही कहने हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने ऑफ व्हाइट कलर की खूबसूरत ड्रेस में सिर पर पल्लू रखकर एंट्री ली तो वहीं नोरा फतेही ने ब्लू-ऑरेंज कलर की ग्लैमरस ड्रेस में जलवा दिखाया। ऋतिक रोशन ने ब्लैक सूट में डैशिंग एंट्री ली। वहीं एक्ट्रेस संजना संघी और दीया मिर्जा ने भी अपनी खूबसूरती का जमकर दीदार कराया। विक्की कौशल के भाई और एक्टर सनी कौशल ने ब्लैक सूट और व्हाइट शर्ट में स्टाइल दिखाया। वहीं एक्टर रितेश देशमुख ने ऑफ व्हाइट कोर्ट और ब्लैक पैंट पहन डैशिंग लुक में दिखे। एक्ट्रेस जेनेलिया डीसूजा ने ब्लैक साड़ी के साथ सिल्वर ज्वैलरी पेयर की थी। एक्ट्रेस अहाना कुमरा और राखी सावंत ने भी ग्रीन कार्पेट पर अपना फैशन का जलवा दिखाया। सुपरस्टार कमल हासन ने ऑल ब्लैक सूट में डैशिंग लुक के साथ ग्रीन कार्पेट पर वॉक किया। तो श्रिया सरन ने हाई स्लिट ड्रेस में अपनी खूबसूरती का दीदार कराया।



## सुनील शेट्टी ने अंडरवर्ल्ड को लेकर किया हैरान कर देने वाला खुलासा

बॉलीवुड के अन्ना सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी वेब सीरीज हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के प्रमोशन में जोरों-शोरों सेलगू पड़े है। इस बीच अभिनेता ने खुद को लेकर एक शॉकिंग खुलासा कर दिया है।

उन्होंने बताया कि एक वक्त था जब अंडरवर्ल्ड उन्हें कॉल कर धमकियां भी दे रहे है। अभिनेता ने इस बारें में बोला है कि एक दौड़ था जब मुंबई में अंडरवर्ल्ड बहुत सक्रिय थे। उस वक्त मैं भी अपने करियर में अच्छा कर रहा था। रोज उनका मेरे पास कॉल आता था और वह बोलते थे कि वह मेरे साथ ऐसा कर देंगे, वैसा कर देंगे... उनकी ये बातें सुनकर मैं उन्हें गालियां भी देता है। अभिनेता ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा है कि हालांकि पुलिस मुझे ऐसा करने से रोकते थी। वह कहते थे कि तुम पागल हो क्या.. तुम उनसे ऐसे बात मत करो...वह लोग तुम्हारे पीछे पड़ जाएंगे तो तुम्हें बर्बाद कर डालेंगे।

वह लोग कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन मैं उनसे यही कहता था कि मैंने गलत क्या किया है? वैसे भी आप लोग हैं मुझे प्रोटेक्ट करने के लिए। सुनील शेट्टी ने इस बारें में बोला है कि मैंने अपने दोनों बच्चों को इन सब चीजों के बारे में कभी नहीं बताया और ना उन पर इसका प्रभाव पड़ने दिया।



## धनुष के नए लुक को देख लोगों को आई बाबा रामदेव की याद

साउथ के सुपरस्टार धनुष अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। धनुष ने हमेशा ही अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों को जीता हैं। साउथ और बॉलीवुड के अलावा धनुष ने हॉलीवुड में भी अपना परचम लहराया है। धनुष को पैपराजी अक्सर अपने कैमरे में कैद कर लेते हैं। इस बीच एक्टर को कुछ देर पहले ही एयरपोर्ट पर पैप्स ने स्पॉट किया है। इस दौरान का वीडियो अब सामने आ गया है जो कि इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस क्लिप में धनुष नए अवतार में नजर आ रहे हैं। कुछ लोग धनुष को इस नए लुक में पहचान तक नहीं पा रहे हैं। दरअसल, विरल भियानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें धनुष न्यू लुक में नजर आ रहे हैं। इस क्लिप में आप देख सकते हैं कि धनुष की दाढ़ी इतना ज्यादा बढ़ चुकी है कि उनका पूरा चेहरा ही छिप गया है। उनके बाल भी काफी लंबे हैं और आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है। एक्टर के इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स एक्टिव हो गए हैं और इसपर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, रामदेव बाबा पार्ट 2, दूसरे ने लिखा, मुझे लगता है कि बाबा रामदेव की बायोपिक बनने वाली है।

## मलाइका ने शेयर की अर्जुन की ऐसी फोटो, लोगों ने अश्लीलता का लगाया आरोप

सोशल मीडिया पर अपने लवर व एक्टर अर्जुन कपूर की एक तस्वीर शेयर करके मलाइका अरोड़ा ने इंटरनेट पर आग लगा दी है। इस तस्वीर के कारण




मलाइका और अर्जुन काफी ज्यादा सुर्खियों में हैं। क्योंकि इस तस्वीर में अर्जुन सेमी-न्यूड हैं और मलाइका का मजेदार कैप्शन भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेकिन कुछ लोग तस्वीर के कारण इतने गुस्से में हैं कि मलाइको को ट्रोल कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा ने यह तस्वीर शेयर करके फैन्स को सरप्राइज कर दिया है। जिसमें अर्जुन को एक सोफे पर अपनी बाहों को फैलाते हुए दिखाया गया है। इस तस्वीर के कैप्शन में मलाइका ने अपने बॉयफ्रेंड को आलसी कहा है।

**लोगों ने लगाया अश्लीलता का आरोप**

इस ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में अर्जुन कपूर बिना कपड़ों के अपने प्राइवेट पार्ट को तकिये से छुपाकर पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में उनकी मसल बॉडी लोगों का ध्यान खींच रही है। लोग अर्जुन की तारीफ कर रहे हैं। इसी तस्वीर को अर्जुन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दिल वाले इमोजी के साथ शेयर किया है। वहीं कुछ लोग इसे ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने फोटो पर रिएक्शन देते हुए लिखा, हाहाहा क्या, वहीं एक ने लिखा है, ये कैसी अश्लीलता फैला रही हो। वहीं एक ने लिखा है, उम्र का लिहाज करो।



# दुबई में एफडीआई लाने के मामले में टॉप-5 में है भारत

■ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में शीर्ष पर रहा दुबई ■ लगातार दूसरे साल एफडीआई आकर्षित करने में दुबई शीर्ष पर


नई दिल्ली (भाषा)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में प्रत्यक्ष विदेश निवेश (एफडीआई) के मामले में भारत प्रमुख स्रोत देश के रूप में उभरा है।

ब्रिटेन के 'फाइनेंशियल टाइम्स लि'. की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार एफडीआई परियोजनाओं की घोषणाओं और अनुमानित एफडीआई पूंजी के मामले में भारत शीर्ष पांच देशों में शामिल है। भारत से दुबई में पिछले साल जिन क्षेत्र की परियोजनाओं में एफडीआई आया है, उसमें साफ्टवेयर और आईटी सेवाएं (32 प्रतिशत), व्यापार सेवाएं (19 प्रतिशत), उपभोक्ता उत्पाद (9 प्रतिशत), संचार (19 फीसद), औषधि (8 फीसद), रियल एस्टेट (छह प्रतिशत) और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं।

दुबई ने भारत से एफडीआई के मामले में पहला स्थान बरकरार रखा। साथ ही 2022 में नई परियोजनाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने को लेकर भी पहले स्थान पर रहा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 लगातार दूसरा साल है, जब दुबई एफडीआई आकर्षित करने के मामले में पहले स्थान पर रहा।

इसके साथ पिछले जिन एफडीआई परियोजनाओं की घोषणाएं हुई, उनमें सालाना आधार पर 89.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं एफडीआई पूंजी सालाना आधार पर 80.3 प्रतिशत बढ़ी।



## सोना 110 रुपए टूटा चांदी 290 रुपए चढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)। विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 110 रुपए की गिरावट के साथ 59,965 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,075 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 290 रुपए चढ़कर 73,040 रुपए प्रति किलो हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत ₹110 के नुकसान के साथ 59,965 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।

## समीक्षा सार

### एटमबर्ग ने पूंजी जुटाई

मुंबई। घरेलू उपभोक्ता उपकरण ब्रांड एटमबर्ग ने सोमवार को कहा कि उसने टेमासेक और स्टेडव्यू कैपिटल की अगुवाई में 8.6 करोड़ डालर जुटाए हैं। एटमबर्ग ने बयान में कहा पूंजी जुटाने के ताजा दौर में ट्रिफेक्टा कैपिटल के साथ ही मौजूदा निवेशकों जंगल वेंचर्स और इन्फ्लेक्सर वेंचर्स ने भागीदारी की। 'श्रृंखला सी' दौर के तहत जुटाई गई धनराशि का इस्तेमाल विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, नए उत्पाद पेश करने और प्रमुख क्षेत्रों में आफलाइन मौजूदगी को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। बयान में कहा गया कि कंपनी ने सालाना आधार पर लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

### एमजी मोटर का नया वाहन

नई दिल्ली। एमजी मोटर इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने अपने प्रीमियम एसयूवी ग्लास्टर का एक नया संस्करण पेश किया है। इसकी शोरूम कीमत 40.29 लाख रुपए से शुरू होती है। एमजी मोटर ने ग्लास्टर के इस संस्करण को ब्लैकस्टार्म नाम दिया है, जो लेवल-1 एडीएएस (उन्नत चालक-सहायता प्रणाली) के साथ आता है। एमजी मोटर इंडिया के उप प्रबंध निदेशक गौरव गुप्ता ने बयान में कहा, 'एमजी ग्लॉस्टर सुविधा, मौज-मस्ती और आधुनिक तकनीक के एक अनोखे प्रतीक का प्रतिनिधित्व करती है। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए ग्लास्टर ब्लैकस्टार्म रोमांच से भरपूर है।'

### हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक के निदेशक मंडल ने बैंक को अगले 16 माह में अपनी साधारण बीमा इकाई आईसीआईसीआई लोम्बार्ड में अपनी हिस्सेदारी चार प्रतिशत बढ़ाकर 52 प्रतिशत करने की योजना को मंजूरी दे दी है। आईसीआईसीआई बैंक ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। अभी बैंक की आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 48.02 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मौजूदा बाजार मूल्य पर बैंक को चार प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए करीब 2,352.5 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। आरबीआई ने बैंक को आईसीआईसीआई लोम्बार्ड में अपने शेयर 30% से नीचे लाने को कहा था।

### मेदांता का लाभ पांच गुना बढ़ा

नई दिल्ली। स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनी ग्लोबल हेल्थ (मेदांता) का 31 मार्च, 2023 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध मुनाफा पांच गुना होकर 101 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के अस्पतालों में बिस्तर क्षमता और मरीजों की संख्या बढ़ने से मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 17.5 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका राजस्व सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 732 करोड़ रुपए हो गया।(एजेंसी)

# बैंकों की कार्यप्रणाली पर आरबीआई ने उठाई उंगली

■ दिशा निर्देशों के बावजूद भी संचालन स्तर पर कई खामियां : दास

मुंबई (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाई है और कहा है कि उचित दिशानिर्देशों के बावजूद बैंकों में संचालन के स्तर पर खामियां पाई गई हैं।

बैंकों के निदेशक मंडल में शामिल निदेशकों को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि इस प्रकार की खामियां कुछ हद तक अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। उन्होंने खाते के स्तर पर दबाव को छिपाने और बढ़ा-चढ़ाकर वित्तीय प्रदर्शन दिखाने के लिए 'स्मार्ट अकाउंटिंग' की भी आलोचना की। आरबीआई की तरफ से बुलाई गई बैठक को संबोधित करते हुए दास ने कहा, 'यह चिंता का विषय है कि कंपनी संचालन पर दिशानिर्देशों के बावजूद, हमने कुछ बैंकों में इस स्तर पर कुछ कमियां पायी है। इससे बैंकों में कुछ हद तक अस्थिरता पैदा हो सकती है।'

उन्होंने कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल और प्रबंधन को इस प्रकार की खामियों की अनुमति नही देनी चाहिए। पूर्व में बैंकों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर इस मामले को उठाया गया है। गवर्नर ने कहा कि बैंकों में मजबूत संचालन व्यवस्था निदेशक मंडल के साथ पूर्णकालिक और गैर-कार्यकारी या अंशकालिक निदेशकों समेत सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। दास के अनुसार, आरबीआई ने यह पाया है कि बैंक कृत्रिम तरीके से वित्तीय प्रदर्शन को बेहतर दिखाने के लिए 'स्मार्ट अकाउंटिंग' के तौर-तरीके अपना रहे है। उन्होंने कहा कि बैंक दबाव वाले कर्ज को लेकर वास्तविक स्थिति छिपाने की कोशिश करते हैं। इसके लिए वे दूसरे बैंकों का भी सहारा लेते है। इसके तहत एक-दूसरे के कर्ज को बेहतर दिखाने के लिए उसकी बिक्री और पुनर्खरीद का सहारा लिया जाता है। अच्छे कर्जदारों को दबाव में फंसे कर्जदारों के साथ ऋण को पुनर्गठित करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। इस सबका मकसद दबाव को छिपाना होता है।

दास ने किसी खास मामले का नाम लिए बिना कहा कि निदेशक मंडल में मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के चर्चा और निर्णय लेने में दबदबे की स्थिति पाई गई है। ऐसे मामलों में पाया गया कि निदेशक मंडल अपनी बातों को रखने को लेकर मुखर नहीं है। उन्होंने कहा, "हम नहीं चाहेंगे कि ऐसी स्थिति बने।

## 'अच्छे और बुरे बिल्डर के बीच अंतर के लिए एक विश्वसनीय ढांचा जरूरी'

नई दिल्ली (भाषा)।



आवास एवं शहरी मामलों के सचिव मनोज जोशी ने अच्छे और बुरे रियल एस्टेट डेवलपर के बीच अंतर करने के लिए एक 'विश्वसनीय ढांचे' की जरूरत बताई है।

उन्होंने सोमवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के रियल एस्टेट सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इससे रियल्टी क्षेत्र को परियोजनाओं के निर्माण के लिए बैंकों से आसानी से कर्ज मिल सकेगा और उपभोक्ताओं के पैसे पर उनकी निर्भरता नही रहेगी।

जोशी ने कहा कि रियल एस्टेट परियोजनाओं, विशेष रूप से आवासीय का वित्तपोषण बड़े पैमाने पर ग्राहकों से मिले अग्रिम से किया जाता है। इस माडल को बदलने की जरूरत है।

# एयर इंडिया हर माह कर रही 600 क्रू मेंबर की नियुक्ति



नई दिल्ली (भाषा)। एयर इंडिया की पंचवर्षीय परिवर्तन योजना की 'शुरुआत अच्छी' रही है और कंपनी वृद्धि संभावनाओं को लेकर उत्साहित है। एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने साथ ही कहा कि एयरलाइन हर महीने 550 चालक दल के सदस्यों और 50 पायलटों की भर्ती कर रही है। विल्सन ने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक एयरलाइन अपने बेड़े में छह चौड़े आकार वाले ए350 विमानों को शामिल करेगी।

टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में सरकार से एयर इंडिया की कमान लेने के बाद घाटे में चल रही इस कंपनी की किस्मत को बदलने के लिए कई उपाय किए है। इसमें 470 विमानों का सबसे बड़ा आर्डर देना और अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार करना शामिल है। विल्सन ने एयरलाइन की नियुक्ति योजनाओं के बारे में कहा कि लगभग 550 चालक दल के सदस्य और 50 पायलट हर महीने नए सिरे से प्रशिक्षण ले रहे है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भर्ती के लिए कोई लक्ष्य तय नही किया गया है। उन्होंने यहां एक बातचीत में कहा, 'निजीकरण से पहले की स्थिति से तुलना करें तो चालक दल के सदस्यों के मामले में यह आंकड़ा 10 गुना और पायलटों के मामले में पांच गुना है।' विल्सन ने कहा कि भर्ती की यह रफ्तार इस साल ज्यादातर समय जारी रहेगी, इस साल के अंत तक कुछ धीमी होगी और 2024 के अंत तक फिर से तेज हो जाएगी। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में 470 विमानों के लिए दिए गए आर्डर के बारे में कहा, 'पहला संकरे आकार का विमान जुलाई या अगस्त के आसपास आएगा।

# दबाव वाले कर्ज पर नजर रखें बैंक : कराड

नई दिल्ली (भाषा)। बैंकों को डिजिटलीकरण पर ध्यान देने और दबाव वाले कर्ज पर नजर रखने की जरूरत है। वित्त राज्यमंत्री भागवत के कराड ने सोमवार को यह बात कही।



उन्होंने यहां ईएसएएफ स्माल फाइनेंस बैंक के आंचलिक कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा कि बैंक को वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए।

कराड ने कहा कि बैंकों को गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) की समय पर पहचान करनी चाहिए और इसके लिए पर्याप्त प्रावधान करना चाहिए, ताकि बैंकिंग प्रणाली स्वस्थ रहे। उन्होंने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने की जरूरत है, क्योंकि भविष्य इसी का है।

इस मौके पर ईएसएएफ स्माल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक के. पॉल थॉमस ने कहा कि बैंक कृषि क्षेत्र पर विशेष जोर दे रहा है। बैंक ने फसल बीमा करने के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए।

## मुर्मू फिर चुने गए चार साल के लिए डब्ल्यूएचओ के बाहरी आडिटर

नई दिल्ली (भाषा)। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू को चार साल के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बाहरी आडिटर के रूप में फिर से चुना गया है। उनका नया कार्यकाल 2024 से 2027 तक होगा। कैग मुर्मू पहले ही 2019 से 2023 तक चार साल के लिए डब्ल्यूएचओ में यह पद संभाल रहे हैं।

कैग ने कहा, 'मौजूदा चुनाव 29 मई, 2023 को जिनेवा में 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में हुआ। यहां पहले दौर के मतदान में ही भारत के कैग को 156 में से 114 वोटों से फिर से चुना गया।' बयान में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच कैग की नियुक्ति मजबूत राष्ट्रीय साख को दर्शाती है।

# सेंसेक्स में दर्ज हुई 345 अंक की बढ़त

■ लगातार तीसरे दिन बाजार में तेजी ■ निफ्टी 99 अंक चढ़कर हुआ बंद

मुंबई (भाषा)। अमेरिकी बाजारों के सकारात्मक रुख तथा विदेशी कोषों के सतत प्रवाह के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 344.69 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,846.38 अंक पर पहुंच गया। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 524.31 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63,026 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.30 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,598.65 अंक पर पहुंच गया।




सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 3.71 प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी का मार्च तिमाही का एकीकृत मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं 2022-23 में कंपनी ने अपना सबसे ऊंचा 10,282 करोड़ रुपए का सालाना मुनाफा कमाया है। टाइटन, टाटा स्टील, एचडीएफसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं एचसीएल टेक, पावरग्रिड, मारुति, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नीचे आ गए। अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ मे रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नीचे आ गया। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार नुकसान में थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैकार्थी के बीच देश की ऋण सीमा बढ़ाने को लेकर रविवार को अंतिम सहमति बन गई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 350.15 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में एक लाख करोड़ निवेश करेगी ओएनजीसी

■ वर्ष 2030 तक खर्च की जाएगी यह धनराशि ■ वर्ष 2030 तक कार्बनमुक्त होने का है कंपनी का लक्ष्य

नई दिल्ली (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि कंपनी ऊर्जा बदलाव के तहत हरित परियोजनाओं में 2030 तक एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने 2038 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए वह हरित ऊर्जा पर जोर दे रही है।

इसके साथ, कंपनी जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिये देश की प्रतिबद्धता के तहत शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन को लेकर रूपरेखा तैयार करने को लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल), गेल और भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की श्रेणी में आ गई है।

सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, "हमने आंतरिक स्तर पर कार्य किये हैं और अब भरोसा है कि हम 2038 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।' उन्होंने कहा कि कंपनी 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पादन 189 मेगावाट से बढाकर 1,000 मेगावाट करेगी। उसने पहले ही राजस्थान में 5,000 मेगावाट की परियोजनाओं की योजना बना ली है। कंपनी अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं पर भी गौर करेगी।

इसके अलावा, ओएनजीसी मेंगलोर में 10 लाख टन सालाना क्षमता का हरित अमोनिया संयंत्र पर भी विचार कर रही है। सिंह ने कहा, "कुल मिलाकर इसमें एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। कंपनी ने 2022-23 में तेल एवं गैस उत्पादन में कमी के रुख को पलटा है और अब पूर्वी और पश्चिमी तटों पर स्थित परियोजनाओं से उत्पादन बढ़ाने पर विचार कर रही है।

ओएनजीसी ने बीते वित्त वर्ष में 1.96 करोड़ टन तेल का उत्पादन किया, जो इससे पूर्व 2021-22 में 1.95 करोड़ टन था।




## रूस में अटकी ओएनजीसी विदेश की 10 करोड़ डालर से कम की लाभांश राशि

मुंबई (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की आयल एंड नैचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) की विदेश इकाई ओएनजीसी विदेश की यूक्रेन युद्ध के कारण रूस में 10 करोड़ डालर से कम की लाभांश राशि अटकी पड़ी है और उसे इसको हासिल करने के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारत की पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस में चार विभिन्न संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने के लिए 5.46 अरब डालर का निवेश किया है। इसमें वैंकोरनेफ्ट तेल एवं गैस क्षेत्र में 49.9 प्रतिशत और तास-यूराख नेफ्टेगाजोडोबाईचा क्षेत्र में 29.9 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

# कैंसर अस्पताल के लिए मदद

■ मदान फाउंडेशन ने दिये पांच लाख रुपए




नई दिल्ली। मदान फाउंडेशन ने तिरुपुर में कैंसर अस्पताल के निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की मदद मुहैया कराई है। मदरन फाउंडेशन के संस्थापक भूपिन्दर मदान ने तमिलनाडु के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री सुब्रमण्यम और राज्य के सूचना एवं प्रसारण मंत्री एमपी सामीनाथन की उपस्थिति में उक्त धनराशि का चेक सौंपा। गौरतलब है कि मदान फाउंडेशन हमेशा से समाज सेवा से जुड़े कार्यों के प्रति समर्पित रहा है। फाउंडेशन का आदर्श वाक्य 'Serve the Needy, Serve the Nation' (जरूरतमंदों की सेवा, राष्ट्र की सेवा) है। मदान फाउंडेशन पहले भी चैरिटि से जुड़े कार्य करता रहा है। कोरोना महामारी के दौरान में फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के लिए बड़ी मदद मुहैया कराई थी। इसके अलावा फाउंडेशन ने कामनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक विजेताओं को सम्मानित भी किया था।

# मैक्स लाइफ का क्लेम रेश्यो चौथे साल भी सबसे बेहतर

नई दिल्ली (वार्ता)। जीवन बीमा कंपनी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 में 99.51 प्रतिशत के साथ सर्वोच्च क्लेम पेड रेश्यो दर्ज किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इंश्योरेंस रिलेशनशिप के इस सबसे अहम बिंदु पर ग्राहकों के भरोसे को ध्यान में रखते हुए मैक्स लाइफ ने लगातार चौथे साल 99 प्रतिशत के क्लेम पेड रेश्यो की सीमा को पार किया है। ग्राहकों को ध्यान में रखने की प्रतिबद्धता के साथ मैक्स लाइफ ने अपने नए कैंपेन'इंडिया के भरोसे का नंबर'के ही अनुरूप जरूरत के वक्त पर ग्राहकों को वित्तीय रूप से संरक्षित करने के अपने वादे को पूरा किया है।

मैक्स लाइफ ने अपने मजबूत फ्रॉड मैनेजमेंट कंट्रोल्स के साथ एक प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स बेस्ड अंडरराइटिंग माडल तैयार किया है, जिससे कंपनी को तेजी से और बेहतर तरीके से क्लेम मैनेजमेंट में मदद मिलती है। ग्राहकों को सुगम एवं सरल सेवा प्रदान करने और सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए भी कंपनी सक्रियता से प्रयासरत है। इससे मैक्स लाइफ को ग्राहकों का विश्वास एवं संतुष्टि बढ़ाने तथा अपना नेट प्रमोटर स्कोर (एनपीएस) बढ़ाने में मदद मिली है।

## रुपया चार पैसे टूटकर 82.64 प्रति डालर पर

मुंबई (भाषा)। अन्य मुद्राओं के मुकाबले डालर के मजबूत होने के कारण सोमवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.64 (अस्थायी) प्रति डालर पर आ गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.57 के भाव पर मजबूत खुला और कारोबार के अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 82.64 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपए ने 82.51 रुपए के उच्च तथा 82.67 प्रति डालर के निचले स्तर को छुआ। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 82.60 के भाव पर बंद हुआ था।

# चौथी तिमाही में ब्याज दरें घटा सकता है आरबीआई

■ ब्याज दरों में वृद्धि के दौर में आक्सफोर्ड इकोनामिक्स ने जताया है कटौती का यह अनुमान

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस वर्ष की चौथी तिमाही में नीतिगत दर में कटौती कर सकता है।

आक्सफोर्ड इकोनामिक्स ने यह अनुमान लगाया है। पूर्वानुमान लगाने वाली वैश्विक कंपनी ने कहा है कि कई ऐसे कारक हैं जिनके चलते केंद्रीय बैंक अपने रुख को अधिक उदार कर सकता है। आक्सफोर्ड इकोनामिक्स ने कहा कि मुद्रास्फीति पहले ही नरम हो रही है और उपभोक्ताओं महंगाई को लेकर अनुमान नीचे आ रहा है।

पूर्वानुमान जताने वाली फर्म ने कहा कि हम भारत के लिए अपनी राय का अद्यतन कर रहे हैं और 2023 की चौथी तिमाही में रिजर्व बैंक की ओर से पहली ब्याज दर कटौती हो सकती है। आक्सफोर्ड इकोनामिक्स ने कहा कि मिश्रित कारकों की वजह से रिजर्व बैंक अपने रुख में बदलाव ला सकता है और नीतिगत मोर्चे पर उदार हो सकता है।



उसने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सबसे पहले यह देखेगी कि मुद्रास्फीति उसके लक्ष्य के मध्य में स्थिर हो रही है। उसके बाद वह अपने रुख में बदलाव लाएगी। हमारा मानना है कि यह साल के अंत से पहले होगा। आक्सफोर्ड इकोनामिक्स ने कहा कि पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) आंकड़े, जीएसटी संग्रह जैसे आर्थिक संकेतक यह दर्शाते हैं कि भारत में गतिविधियां अभी मजबूत हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के दायरे में रखने का लक्ष्य मिला हुआ है।

अप्रैल में रिजर्व बैंक ने सभी को हैरान करते हुए रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा था।

# जडेजा ने रोका GT का फाइनल सुदर्शन चक्र



## आईपीएल सीजन-16: गुजरात टाइटंस को डकवर्थ-लुईस में 5 विकेट से हराकर चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता पांचवीं बार आईपीएल खिताब













**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2023 का खिताब जीत लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। चेन्नई को आखिरी दो गेंदों पर 10 रन की जरूरत थी। रवींद्र जडेजा ने पांचवीं गेंद पर छक्का और आखिरी गेंद पर चौका जमाकर चेन्नई को पांचवीं बार आईपीएल चैंपियन बना दिया। इसी के साथ कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सबसे ज्यादा आईपीएल खिताब जीतने के मामले में रोहित की बराबरी कर ली। रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई को पांच बार विजेता बनाया है। अब धोनी भी चेन्नई को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। चेन्नई ने इससे पहले 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था।

रिजर्व-डे के दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। बारिश के कारण चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का टारगेट में मिला। टीम ने इसे 5 विकेट खोकर 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। गुजरात से नूर अहमद ने 2 विकेट लिए। उन्होंने पहले ही ओवर से चेन्नई के बैटर्स पर दबाव बनाया। उन्होंने अपने दूसरे ओवर में गायकवाड़ और कॉन्वे को पवेलियन भेजा।



ऑरेंज कैप: शुभमन गिल

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. धोनी बो. चाहर | 54 | 39 | 5/1 |
| शुभमन गिल स्टंप धोनी बो. जडेजा | 39 | 20 | 7/0 |
| साई सुदर्शन पगबाधा पथिराना | 96 | 47 | 8/6 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 21 | 12 | 0/2 |
| राशिद कै. गायकवाड़ बो. पथिराना | 00 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 4,

**कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 214 रन **विकेट पतन:** 1-67, 2-131, 3-212, 4-214, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 4-0-38-1, तुषार देशपांडे 4-0-56-0, महीश थीक्षणा 4-0-36-0, रवींद्र जडेजा 4-0-38-1, मथीशा पथिराना 4-0-44-2,

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज कै. राशिद बो. नूर | 26 | 16 | 3/1 |
| डेवोन कॉन्वे कै. मोहित बो. नूर | 47 | 25 | 4/2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 32 | 21 | 0/2 |
| अजिंक्य रहाणे कै. शंकर बो. मोहित | 27 | 13 | 2/2 |
| अंबाती रायुडू कै. एवं बो. मोहित | 19 | 08 | 1/2 |
| एमएस धोनी कै. मिलर बो. मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 15 | 06 | 1/1 |

**अतिरिक्त:** 5,

**कुल:** 15 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन **विकेट पतन:** 1-74, 2-78, 3-117, 4-149, 5-149 **गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 3-0-29-0, हार्दिक पंड्या 1-0-14-0, राशिद खान 3-0-44-0, नूर अहमद 3-0-17-2, जोश लिटिल 2-0-30-0, मोहित शर्मा 3-0-36-3.

### करीब 25 मिनट चली क्लोजिंग सेरेमनी

आईपीएल की क्लोजिंग सेरेमनी डीजे न्यूक्लेया की परफॉर्मेंस के साथ शुरू हुई। न्यूक्लेया के बाद रैपर किंग ने मान मेरी जान और तू आ के देख ले जैसे गानों की परफॉर्मेंस दी। करीब 25 मिनट तक क्लोजिंग सेरेमनी चली। पहली पारी खत्म होने के बाद विवियन डिवाइन ने भी 10 मिनट तक स्टेडियम के बीच परफॉर्मेंस दी।

### साई सुदर्शन ने बनाया आईपीएल फाइनल का तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर

साई सुदर्शन आईपीएल के फाइनल में तीसरा सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने चेन्नई के खिलाफ 47 गेंदों पर 96 रन की पारी खेली। इस दौरान सुदर्शन ने 8 चौके और 6 छक्के लगाए।

फाइनल में सर्वाधिक रन बनाने की सूची में शेन वॉटसन टॉप पर हैं। चेन्नई के सलामी बल्लेबाज वॉटसन ने हैदराबाद के खिलाफ 57 गेंदों पर नाबाद 117 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर ऋद्धिमान साहा हैं, जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ नाबाद 115 रन बनाए थे।

### दूसरे सबसे युवा

सुदर्शन फाइनल में 50 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे सबसे युवा (21 साल, 226 दिन) बल्लेबाज बन गए हैं। फाइनल में 50 से अधिक रन बनाने वाले वाले सबसे युवा बल्लेबाज मनन वोहरा हैं, जिन्होंने 20 साल 318 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था।


### विजेता टीम को मिले 20 करोड़

| | |
|---|---|
| विजेता टीम | 20 करोड़ |
| उप-विजेता | 13 करोड़ |
| तीसरे नंबर वाली टीम (मुंबई) | 7 करोड़ |
| चौथे नंबर वाली टीम (लखनऊ) | 6.5 करोड़ |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट | 20 लाख |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | 15 लाख |
| ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन) | 15 लाख |
| पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट) | 15 लाख |
| मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर ऑफ द सीजन | 12 लाख |
| सबसे ज्यादा सिक्स जमाने का रिकॉर्ड | 12 लाख |
| गेम चेंजर ऑफ द सीजन | 12 लाख |

नोट: राशि रुपए में दी गई है।



पर्पल कैप: मोहम्मद शमी



**आईपीएल सीजन-16 2023**

| 2173 | 1123 | 141 | 12 |
|---|---|---|---|
| चौके | छक्के | फिफ्टी | शतक |

### ऑरेंज कैप: इस सीजन के टॉप स्कोरर

| बल्लेबाज | टीम | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | गुजरात टाइटन्स | 890 |
| फाफ डु प्लेसिस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 730 |
| डेवोन कॉन्वे | चेन्नई सुपर किंग्स | 672 |
| विराट कोहली | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 639 |
| यशस्वी जायसवाल | राजस्थान रॉयल्स | 625 |

### पर्पल कैप: इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | गुजरात टाइटन्स | 28 |
| मोहित शर्मा | गुजरात टाइटन्स | 27 |
| राशिद खान | गुजरात टाइटन्स | 27 |
| पीयूष चावला | मुंबई इंडियंस | 22 |
| युजवेंद्र चहल | राजस्थान रॉयल्स | 21 |



गर्मी के मौसम में अपने फैशन स्टाइल को मेंटेन करते हुए कंफर्टेबल और कूल फील करना थोड़ा टफ होता है। लेकिन अगर आप इस दौरान अपने लिए ड्रेसअप और एसेसरीज कैरी करते समय फैब्रिक, कलर और स्टाइल का ध्यान रखेंगी तो अपना सीजनल लुक अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

फैशन / प्रतिमा अरोड़ा

# हॉट सीजन ड्रेसअप फील करें कूल-कंफर्टेबल





अट्रैक्टिव ड्रेसअप में ब्रांड, कलर और स्टाइल की अपनी इंपॉर्टेंस होती है। लेकिन जब चुभती धूप के दिन हों और गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हों तो ड्रेसअप कैरी करते समय या पर्चेज करते समय भूलकर भी अपनी हेल्थ को नजरंदाज ना करें।

## टाइट नहीं लूज हो ड्रेस



हो सकता है बॉडी फिट ड्रेस आप पर बहुत जमती हो, लेकिन गर्मियों में लूज ड्रेसेस पहनने में ही समझदारी होती है। टाइट ड्रेस से ब्लड सर्कुलेशन रुकने की समस्या पैदा हो जाती है और टाइट ड्रेसेज से पूरे शरीर में रैशेज पड़ने का खतरा भी रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जब आप चिलचिलाती धूप वाली गर्मियों के दिनों में टाइट ड्रेस पहनती हैं तो अकसर बेचैनी महसूस होती है। कहीं पर भी आराम से बैठ नहीं पाएंगी। इसलिए गर्मियों में हमेशा लूज ड्रेसेस का चुनाव करें। इससे आप काफी लाइट फील करेंगी।

## गॉगल्स-हैट-स्कार्फ

समर सीजन में आपका फैशन स्टाइल सिर्फ ड्रेसेस से ही नहीं एसेसरीज से भी मेंटेन होता है। इसके लिए आप गॉगल्स, हैट और स्कार्फ कैरी कर सकती हैं। गॉगल्स सिर्फ स्टाइल ही नहीं बनाते बल्कि सूरज की किरणों, चिलचिलाती धूप से भी आंखों को बचाते हैं। लेकिन गॉगल्स खरीदते समय लो क्वालिटी के सस्ते गॉगल्स न खरीदें, क्योंकि ये आंखों के लिए कतई अच्छे नहीं होते। इन दिनों दोपहर में घर से निकलते समय सिर पर हैट या स्कार्फ जरूर कैरी करना चाहिए, क्योंकि जब भी लू लगती है, हमारे सिर के जरिए ही लगती है। स्कार्फ और हैट के फैशन में भी बहुत फ्यूजन हुआ है और कई हाइब्रिड ट्रेंड सामने आए हैं। आप अपनी पसंद और अपने पर सूट करने वाले हैट, स्कार्फ कैरी कर सकती हैं। इससे धूप से तो बचाव होगा ही आपके स्टाइल को भी नया टच मिलेगा।

## स्लीवलेस और फुल स्लीव ड्रेस

गर्मियों में कुछ महिलाएं इस कंफ्यूजन में भी रहती हैं कि उन्हें स्लीवलेस पहनना चाहिए या फुल स्लीव वाली ड्रेसेस। इसका सीधा फंडा यह है कि दिन के समय धूप में घर के बाहर निकलते समय कोशिश करें कि फुल स्लीव ड्रेस ही पहनें। फुल स्लीव ड्रेसेस आपके हाथों की स्किन को सनबर्न से बचाने का काम करती है। इसलिए गर्मियों में हाफ स्लीव तभी पहनें, जब धूप के समय घर से बाहर न निकलना हो।



## क्लासी-कंफर्टेबल कॉटन फैब्रिक

जब भी गर्मियों के लिए ड्रेस चुनें तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वे कॉटन फैब्रिक में हों। हालांकि इसके अलावा आप खादी या शिफॉन फैब्रिक भी कैरी कर सकती हैं। चाहे स्लीवलेस टी-शर्ट कैरी करें या कुर्ता-पजामा, इस मौसम मे यही फैब्रिक ही चुनें। कॉटन फैब्रिक हमारी स्किन के लिए बहुत फ्रेंडली होते हैं। खादी और शिफॉन में भी यही खूबी होती है। इन सभी का फैब्रिक और टेक्सचर ऐसा होता है कि ये चिलचिलाती गर्मियों में हमें ठंडक का एहसास कराते हैं। गर्मियों में व्हाइट, लाइट ब्ल्यू जैसे लाइट कलर फैब्रिक्स पहनने चाहिए। डार्क रंग की ड्रेसेस धूप को ज्यादा सोखकर हमें बेचैन करती हैं। इन बातों का ध्यान रखेंगी तो इन गर्मियों में अट्रैक्टिव दिखने के साथ कंफर्टेबल भी फील करेंगी। *

ब्यूटी / प्रतिमा

# स्किन प्रोटेक्शन-ग्लो के लिए अप्लाई करें आइस क्यूब्स



इन दिनों आइस क्यूब का सौंदर्य निखारने में कई तरीके से इस्तेमाल बढ़ गया है। ये हमारी त्वचा को सनबर्न से बचाता है और ग्लो भी देता है। हम यहां बता रहे हैं कुछ नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनने वाले आइस क्यूब्स के फायदों के बारे में।

गर्मी के दिनों में जब तापमान सामान्य से 5-7 डिग्री ज्यादा हो जाता है, तो अकसर सोकर जगने पर आंखें हल्की सूजी दिखती हैं। आंखों की इस सूजन को कम करने के लिए आइस क्यूब का इस्तेमाल करें। लेकिन ये सारे आइस क्यूब केवल पानी के नहीं हों बल्कि नेचुरल प्रोडक्ट से तैयार किए गए क्यूब्स फायदेमंद होंगे। मार्केट में खीरा, एलोवेरा और गुलाब जल जैसी सामग्रियों से युक्त आइस क्यूब मिलते हैं और इन्हें आप घर में भी बना सकती हैं।

**आइस फेशियल से रिमूव हो टैनिंग :** अगर चेहरे पर टैनिंग हो गई है तो क्रीम लगाने से बेहतर है कि आइस फेशियल का इस्तेमाल किया जाए। आइस फेशियल चेहरे की टैनिंग को कम करने के लिए किसी भी दूसरी चीज से ज्यादा असरकारी है। क्योंकि आइस न सिर्फ त्वचा को ठंडक देती है बल्कि यह अंदर तक मर्ज होकर स्किन का कालापन दूर करती है। जिस कारण हमारी त्वचा दमकती हुई नजर आती है। जिन लोगों के चेहरे पर बार-बार मुंहासे हो जाते हैं और कई तरह की दवाइयों का इस्तेमाल करने के बाद भी ये नहीं जाते, उन्हें भी आइस फेशियल से फायदा होता है, क्योंकि आइस फेशियल त्वचा में मौजूद अतिरिक्त तेल को खींच लेता है। इससे ब्लैक हेड्स और वाइट हेड्स की समस्या भी दूर हो जाती है। आइस फेशियल फेस पर असमय पड़ी झुर्रियों को भी कम करती हैं।







**स्किन ऑयल कंट्रोल करे एलोवेरा क्यूब्स :** एलोवेरा आइस क्यूब स्किन के एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में बहुत मदद करता है। अगर इसे बनाते समय इसमें तुलसी का भी इस्तेमाल कर लें तो यह एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हो जाता है, तब त्वचा में एक बेदाग निखार आता है। एलोवेरा आइस क्यूब बनाने के लिए एक कप पानी में तुलसी के पत्तों का पेस्ट और दो चम्मच एलोवेरा जैल मिलाएं, फिर इस पानी को आइस क्यूब ट्रे में रखकर जमने के लिए फ्रिज में रख दें, जब ये जम जाए तो इसके क्यूब का इस्तेमाल करें।

**खीरा-गुलाब जल के आइस क्यूब :** सादे पानी के आइस क्यूब्स के बजाय उन चीजों से बने आइस क्यूब्स को अप्लाई करें, जो पहले ही त्वचा निखारने वाली चीजे हैं। मसलन गुलाब जल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गुलाब जल की आइस क्यूब यूज करने के फायदे दोहरे हो जाते हैं। यह त्वचा को फ्री रेडिकल्स के नुकसान से बचाते हैं और त्वचा को गहरे तक मॉयश्चराइज भी करते हैं। गुलाब जल के आइस क्यूब बनाने के लिए एक कप पानी में गुलाब जल मिलाकर आइस क्यूब ट्रे में डालकर जमने के लिए रख दें और 12 घंटे बाद इस क्यूब का इस्तेमाल करें। खीरे का बना आइस क्यूब सामान्य खीरे से भी ज्यादा त्वचा को साफ करता है और इसे चमक प्रदान करता है। इस तरह अगर हम बेचैन करने वाली गर्मियों में आइस क्यूब का इस्तेमाल अपनी त्वचा को सुकून देने के लिए करें तो सुकून तो मिलता ही है, खूबसूरत और चमकदार त्वचा भी मिलती है।

**ध्यान रखें :** आइस क्यूब हमेशा छोटे और गोलाकार गति में दो से तीन मिनट तक त्वचा पर रगड़ना चाहिए। लेकिन इसे रूटीन नहीं बनाना चाहिए, रूटीन बनाने के पहले एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए। अगर आइस क्यूब से फेस में जलन होती है, अच्छा न लग रहा हो तो इसे तुरंत रोक देना चाहिए और हां, इस बात का भी ध्यान रखें कि बर्फ के टुकड़े को त्वचा के किसी भी हिस्से में एक मिनट से ज्यादा ना रखें। *

काम की बात / स्वाति गुप्ता

# ब्यूटी ट्रिक्स में यूजफुल टिश्यू पेपर



आमतौर पर टिश्यू पेपर का इस्तेमाल आप पर्सनल हाईजीन, चेहरे की साफ-सफाई रखने और सफर में हाथ, पैर या मुंह पोंछने के लिए करती हैं। लेकिन टिश्यू पेपर, इनके अलावा चेहरे को सुंदर बनाने से लेकर अनेक ब्यूटी ट्रिक्स में भी यूजफुल होता है।

**ब्लैक हेड्स हटाए :** मेकअप के दौरान एक्सट्रा लिपस्टिक, काजल और लाइनर को साफ करने के अलावा टिश्यू पेपर आपके चेहरे के ब्लैक हेड्स को हटाने में भी प्रयोग किया जा सकता है। सबसे पहले चेहरे के पोर्स को खोलने के लिए 2 मिनट आप स्टीम लें। इसके बाद एक अंडे के सफेद भाग को लेकर उसमें टी ट्री ऑयल की 4-5 बूंदें मिला लें और इस तैयार पेस्ट को अपनी नाक और उसके आस-पास के हिस्सों पर लगा लें। इसके बाद टिश्यू पेपर को एक स्ट्रिप की तरह काट कर चेहरे पर लगे पेस्ट के ऊपर लगाएं। इसके बाद टिश्यू पेपर के ऊपर तैयार पेस्ट का एक और कोट लगाएं और 10-15 मिनट सूखने के बाद इसे बैंडेज की तरह निकाल लें। इससे ब्लैक हेड्स हटाने में मदद मिलेगी।



**बालों के लिए उपयोगी :** बालों को सीधे या कर्ली करने के लिए जब आप स्ट्रेटनर से बाल स्ट्रेट करती हैं, तब हीट के कारण बाल रूखे और बेजान होने लगते हैं। ऐसे में बालों को हीट के नुकसान से बचाने के लिए कर्लिंग रॉड या स्ट्रेटनर के ऊपर टिश्यू पेपर लगा लें। इससे बालों को होने वाला नुकसान कम हो जाएगा।

**लॉन्ग लास्टिंग लिपस्टिक :** रेग्युलर लिपस्टिक को लॉन्ग लास्टिंग लिपस्टिक बनाने के लिए आप लिपस्टिक लगाएं और अपने होंठों के बीच में एक टिश्यू पेपर रखकर दबाएं और ब्रश की मदद से हल्का ट्रांसलूसेंट पावडर होंठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपको शानदार लुक मिलेगा, इससे लिपस्टिक लॉन्ग लास्टिंग भी रहेगी। *

# पिएं समर स्पेशल ड्रिंक्स रहिए कूल-एनर्जेटिक

गर्मी के मौसम में जब पारा चढ़ने लगता है तो बार-बार कुछ ठंडा पीने का मन करता है। ऐसे में कोल्ड ड्रिंक के बजाय आप होममेड एनर्जी ड्रिंक्स बनाकर पिएं और फील करें कूल-कूल।

डाइट सजेशन/ नीरा कुमार

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने का सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है। लगातार पसीना निकलने से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है। नतीजतन खाने से ज्यादा पीने का मन करता है। ऐसे में राहत पहुंचाने के लिए लोग अकसर कोल्ड ड्रिंक्स पी लेते हैं। लेकिन ये कोल्ड ड्रिंक्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं, इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा पाई जाती है, इसके सेवन से भूख भी नहीं लगती। इसलिए इनके बजाय आपको ताजे फलों और सब्जियों का जूस या घर में बनने वाले एनर्जी ड्रिंक्स पीना चाहिए।



**स्वास्थ्य के लिए लाभकारी :** ये घरेलू पेय ज्यादा तृप्ति देते हैं और सेहत के लिए फायदेमंद भी होते हैं, क्योंकि इनमें विटामिंस, मिनरल्स, एंजाइम्स और नेचुरल शुगर पाई जाती है। इनका नियमित रूप से सेवन करने से शरीर को गर्मी झेलने में काफी मदद मिलती है। साथ ही शरीर की पाचन शक्ति भी ठीक रहती है। पसीने के जरिए शरीर से मैग्नीशियम जैसे तत्व निकल जाते हैं, जिसके कारण थकान और मांसपेशियों में दर्द होने लगता है। ऐसे में ये ड्रिंक्स बहुत फायदेमंद होते हैं। ये घरेलू शीतल पेय सिर्फ पौष्टिक ही नहीं होते वरन यह शरीर को तरावट, शक्ति और स्फूर्ति भी प्रदान करते हैं।

वैसे डॉक्टर्स के अनुसार गर्मियों में एक युवा व्यक्ति को प्रतिदिन औसतन आठ से दस गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ताकि शरीर में टॉक्सिंस यूरिन के जरिए बाहर निकल सकें और शरीर में पानी का संतुलन भी बना रहे। दूसरे पेय पदार्थों की श्रेणी में आते हैं ताजे मौसमी फल और सब्जियों के जूस। इनके अलावा गर्मी से राहत के लिए आप बताए जा रहे पेय को घर पर बनाकर पी सकती हैं।



**कच्चे आम का पना:** आम को उबालें या भूनें। पल्प निकालें स्वादानुसार काला नमक, सादा नमक, जीरा, चीनी, ठंडा पानी मिलाकर मथें और पिएं-पिलाएं। यह गर्म हवाओं से तो बचाता है साथ ही पेट की गर्मी भी शांत करता है। एक तरीका यह भी है कि उबले आम के पल्प में स्वादानुसार सभी चीजें मिलाकर मिक्सी में मिक्स करके बिना पानी डाले रख लें। इसे दो-तीन दिन फ्रिज में आराम से रख सकती हैं। जब इच्छा हो ठंडा पानी मिलाकर मिक्स करें और पने का स्वाद लें।





**नीबू की शिकंजी:** यह तरावट के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बरकरार रखता है, क्योंकि नीबू में विटामिन 'सी' बहुतायत में पाया जाता है। इसके लिए पानी में नीबू के रस, चीनी के अलावा जीरा पावडर, काला या सफेद नमक डालें। झटपट तैयार होने वाला यह ड्रिंक आपको ताजगी से भर देगा।

**जलजीरा:** पानी में थोड़ी इमली का जूस, पोदीना, नीबू का रस, जीरा पावडर और थोड़े मसाले डालकर जलजीरा बनाया जाता है। यह स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि पाचन क्रिया को भी ठीक रखने में सहायक होता है।



**ग्रीन टी:** ज्यादा चाय पीना शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन आप चाहें तो गर्मी में ग्रीन टी पीकर अपनी तलब शांत कर सकती हैं। इसके रेडिमेड पैकेट बाजार में मिलते हैं। आप घर में थोड़े से पोदीने, तुलसी के पत्ते, नीबू का रस, चाय पत्ती और गुड़ डालकर बिना दूध मिलाए भी हर्बल टी बनाकर पी सकती हैं। *



पीरियड्स के दौरान लड़कियां और महिलाएं अपनी सुविधानुसार पैड या नैपकिन यूज करती हैं। लेकिन डिस्पोजेबल पैड्स के अलावा कई ऑप्शंस उपलब्ध हैं, जो हेल्थ के साथ एन्वॉयर्नमेंट के लिए भी यूजफुल हैं। इनके बारे में जानिए।

# डिस्पोजेबल पैड के बजाय उपलब्ध हैं ईकोफ्रेंडली ऑप्शंस

हेल्थ अवेयरनेस / मधु सिंह

महिलाओं द्वारा पीरियड्स के दौरान यूज किए जाने वाले अधिकतर डिस्पोजेबल पैड्स लगभग 90 प्रतिशत प्लास्टिक के बने होते हैं, जिनके पूरी तरह से नष्ट होने में 500 से 800 वर्ष लग सकते हैं। अनुमान के मुताबिक एक महिला अपने जीवनकाल में कम से कम 16,800 डिस्पोजेबल पैड इस्तेमाल करती है। इस तरह देखा जाए तो महिलाएं अंजाने में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। यही नहीं डिस्पोजेबल पैड्स में कई हानिकारक रसायन भी होते हैं। इनमें से एक डाइऑक्सिन भी होता है, जो नेपकिन को ब्लीच करने के काम आता है। इससे ओवरी कैंसर और बांझपन का रिस्क बढ़ता है।

**मेंस्ट्रुअल कप्स:** हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट को लेकर सजग कई महिलाएं अब मासिक चक्र के दौरान डिस्पोजेबल पैड की जगह 'मेंस्ट्रुअल कप' का इस्तेमाल करती हैं। यह एक हाईजीन उत्पाद है, जो मेडिकल ग्रेड सिलिकन से बना होता है। यह घंटी के आकार का होता है और लचीला भी होता है। इसे पीरियड्स के दौरान आधे दिन के लिए या रातभर के लिए वैजाइना में लगाया जाता है, ताकि पीरियड फ्लूड इसमें जमा हो जाए। यह करीब 750 से 1,800 रुपए के बीच मिलता है। इसे दुनिया की कई मशहूर कंपनियां बनाती हैं। कई घंटे के बाद या दिन के आखिर में इसे आसानी से खाली कर दिया जाता है फिर अच्छी तरह से धोकर दोबारा लगाया जा सकता है। कप को पूरी रात के लिए भी लगाया जा सकता है। इस कप में 30 मिली. तक रक्त आ सकता है। कप को हर 4 से 8 घंटे के बाद खाली करने की जरूरत होती है, जो ब्लड फ्लो पर निर्भर करता है। इसके लाभ ये हैं कि यह साफ होता है, आरामदायक है, इस्तेमाल करने में आसान और ईकोफ्रेंडली है। यह इतना छोटा होता है कि आप आसानी से अपने बैग में रख सकती हैं।



**और भी हैं ऑप्शंस:** जहां तक क्लॉथ पैड्स की बात है तो ये कई नामों से मिलते हैं। दिन पर दिन इनकी मांग और महत्व बढ़ रहा है। जब 2010 के आस-पास ये क्लॉथ पैड आने शुरू हुए थे तो अधिकांश दुकानदार इन्हें रखने के लिए तैयार नहीं होते थे, लेकिन आज स्थिति यह है कि हर मेडिकल दुकानदार इन्हें रखते हैं और नेट के जरिए भी ये पैड बिक रहे हैं। इसी तरह कुछ साल पहले तक भारत में पीरियड्स में यूज किए जाने वाले टैंपोन, बमुश्किल ही बिकते थे, इसलिए महिलाओं को इस कप के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करना काफी मुश्किल काम होता था। लेकिन आज देश के हर बड़े शहर में ये लाखों की संख्या में बिकते हैं।



**महिलाओं में बढ़ी अवेयरनेस:** पीरियड्स के दौरान पारंपरिक की जगह आजकल ग्रीन ऑप्शंस की बहुत ज्यादा मार्केटिंग की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि इसका महत्व पूरी दुनिया की महिलाएं जानने लगी हैं। इसलिए वे खुद ही इनको प्रेफर करती हैं। क्लॉथ के पैड 5 साल तक चलते हैं, जबकि मेंस्ट्रुअल कप महिला कई साल तक इस्तेमाल कर सकती है, क्योंकि कप को सिर्फ खाली करना, धोना और फिर से इस्तेमाल करना होता है। मासिक स्राव के दिनों में सजग महिलाएं इन आधुनिक विकल्पों को इस्तेमाल करते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति तो संवेदनशील होती ही है, ये धरती को खतरनाक कूड़ाघर बनने से भी रोकती हैं। यह अच्छी बात है कि महिलाएं पर्यावरण पर ध्यान दे रही हैं; क्योंकि सेनेट्री पैडों के डिस्पोज करने से बड़ी समस्या खड़ी होती जा रही थी। *



वास्तु सलाह / अनीता जैन, वास्तुविद

पेड़-पौधे लगाने से घर में हरियाली तो आती है। लेकिन इन्हें घर या उसके आस-पास यदि सही दिशा में लगाएं तो कई वास्तु दोष भी दूर होते हैं।

# तब हरियाली देगी सुख-सुकून-समृद्धि

हरियाली सबके मन को भाती है, सकारात्मक ऊर्जा देती है, शुद्ध ऑक्सीजन देकर पर्यावरण को भी शुद्ध और संतुलित रखती है। इतना ही नहीं वास्तुदोष निवारण, बीमारियों को ठीक करने में एवं उत्तम स्वास्थ्य संरक्षण में वृक्ष-वनस्पतियों का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है।

**हरा-भरा हो उत्तर-पूर्व :** वास्तुशास्त्र के अनुसार घर के बगीचे या बालकनी में उत्तर-पूर्व एवं पूर्व दिशा में छोटे पौधे जैसे तुलसी, गेंदा, लिली, केला, आंवला, हरीदूब, पुदीना, हल्दी आदि लगाने चाहिए। इन दिशाओं में छोटे पौधे होने से उगते हुए सूर्य की स्वास्थ्यवर्धक रश्मियां घर में प्रवेश कर सकेंगी, जिससे परिवार के सदस्यों की सेहत दुरुस्त रहेगी, सामाजिक रिश्ते मजबूत होंगे। अद्भुत औषधीय गुणों वाला तुलसी का पौधा नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है, वहीं यह अपने आस-पास के वातावरण को भी शुद्ध करता है। अतः इसे घर में अवश्य लगाना चाहिए।



**दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं ऐसे पेड़ :** ऊंचे पेड़ों को सदैव घर की दक्षिण या पश्चिम दिशा में लगाना उचित माना जाता है। वास्तु सिद्धांत के अनुसार सकारात्मक ऊर्जा की तरंगे हमेशा पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तथा पूर्वोत्तर (ईशान) से दक्षिण-पश्चिम कोण (नैऋत्य) की ओर बहती है। ऐसे में ध्यान रखना चाहिए कि उत्तर और पूर्व में कम घने और छोटे पौधे ही लगाए जाएं ताकि सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह में कोई अवरोध नहीं हो। पीपल को घर से पर्याप्त दूरी पर या कहीं खुले स्थान में पश्चिम दिशा की तरफ लगाना शुभ परिणाम देता है। सफेद रंग के फूलों के पौधे जैसे चांदनी, मोगरा, चमेली आदि को इस दिशा में लगाने से लाभ एवं प्राप्तियों के अवसर बढ़ जाते हैं। इनसे बच्चों में रचनात्मक शक्ति का विकास होता है।



**उत्तर-पश्चिम में बेल का पेड़ :** भगवान शंकर को अत्यंत प्रिय बेल का वृक्ष घर की उत्तर-पश्चिम दिशा यानि वायव्य कोण में लगाना अत्यंत शुभ माना गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के प्रांगण में बेल का पौधा होने से आप सभी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जाओं से बचे रहते हैं एवं वास्तुदोष दूर होकर घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**अनार का पेड़:** अनार हृदय रोग, संग्रहणी, वमन में लाभकारी एवं शक्तिवर्धक है। इसे घर से बाहर दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाने से सुख-सौभाग्य में वृद्धि होगी।

**समृद्धि-सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाएं ये पेड़ :** मनीप्लांट, बांस एवं क्रिसमस ट्री वास्तु की दृष्टि में समृद्धि देने वाले माने जाते हैं। अशोक एवं बांस के पेड़ लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। *

# दिल्ली जंतर मंतर धरने पर बैठे महिला पहलवानों को जबरन टेंट उखाड़ कर गिरफ्तार करने की घटना पर किसान संगठनों ने की कड़ी निंदा



प्रखर मिजार्पुर अदलहाट। थाना क्षेत्र के लालता प्रसाद कन्या महा विद्यालय पोखरा पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व मे जिला कार्यकारणी की बैठक हुई जीसका संचालन वीरेन्द्र सिंह जिला महासचिव ने की, बैठक में वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर यौन शोषण, के खिलाफ न्याय के लिए धरने पर बैठ पहलवानों और महिला पहलवानों को जबरन टेंट उखाड़ करके उनको गिरफ्तार कर लिया गया जिसका भारतीय किसान यूनियन घोर निंदा करती है और मांग करती है कि, पहलवानों के उपर दर्ज मुकदमा को वापस कर ,दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर न्याय दिलाया जाय, पांच दिवसीय किसान कुंभ में देश के कोने कोने से 14 से 18 जून के बीच हरिद्वार शामिल होने के लिए जनपद मिजार्पुर से किसान को अधिक से अधिक चलने के लिए बैठक की गई, खरीफ की फसल में काटे गए बीमा को , सुखा से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाया जाय। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई, परशुराम मौर्य, राजेश कुमार सिंह, मुकुटधारी सिंह , घुरेप्रसाद बिंद जी को जिला से विंध्याचल मंडल के कार्यकारणी मे शामिल किया गया, जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अमृतेश सिंह को युवा जिला अध्यक्ष मीरजापुर, ई बीडी सिंह ज़िला उपाध्यक्ष, अरविन्द सिंह युवा महासचिव ,बृजराज सिंह राजू जी को तहसील अध्यक्ष लालगंज, रामबृक्ष सिंह जी तहसील अध्यक्ष चुनार, ओम प्रकाश सिंह ब्लाक अध्यक्ष नारायणपुर , लक्ष्मण सिंह कोषाध्यक्ष ब्लॉक जमालपुर, महेंद्र सिंह ब्लॉक प्रचार मंत्री नारायणपुर, रामप्यारे सिंह संगठन मंत्री ब्लॉक जमालपुर, रामबृक्ष सिंह चंद्र ताली प्रचार मंत्री,संतोष मौर्या ब्लॉक उपाध्यक्ष नारायणपुर,गोरखनाथ सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष जमालपुर , अरविंद सिंह पूर्व प्रधान, माधव सिंह को जिला कार्यकारणी मे , इन सभी लोगो को पदोन्नति करते हुए जिम्मेदारी दी गई। जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह ,मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ,जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ,जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह ,जिला सचिव पंचम सिंह ,महेंद्र सिंह घूरे प्रसाद बिंद ,ओमप्रकाश सिंह, अरविंद सिंह ,माधव सिंह, गोरखनाथ सिंह ,रामवृक्ष सिंह ,परशुराम मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## नागेपुर में किसानों को बांटा निःशुल्क धान बीज




प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। लोक समिति व आशा ट्रस्ट द्वारा हेल्पिंग हैण्ड के सहयोग से प्रधानमन्त्री आदर्श ग्राम नागेपुर में मंगलवार को धान बीज की उन्नतशील प्रजाति मोती,कुबेर और श्रीराम 501 का 60 किसानों में निःशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर किसानों को जल संरक्षण के लिये बारिश के पानी का तालाब में संरक्षण, मेडबंदी, सूक्ष्म सिंचाई तकनीक पर प्रशिक्षण दिया गया। लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर ने बताया कि छोटे किसानों की मदद के लिए नागेपुर में अपना बीज बैंक बनाया गया है.जिसका संचालन महिला किसानों द्वारा किया जा रहा है. यहां से किसान एक बीज देकर दूसरी बीज प्राप्त कर सकते है. उहोंने किसानों को बताया कि धान की नर्सरी डालने के पूर्व बीज उपचार करके ही किसान नर्सरी लगाएं। इस अवसर पर सुनील मास्टर, विनोद,सोनी,अनीता, आशा,सरोज,श्यामसुंदर,पंचमुखी,शिवकुमार, मंजीता आदि लोग शामिल रहे।

## महासंपर्क अभियान का सांसद ने केराकत विधानसभा से किया शुभारंभ



प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत क्षेत्र के बंधवा स्थित बीएसबी पैरामेडिकल कालेज परिसर मे भाजपा कार्यकताओं द्वारा महासंपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार कि सुबह मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सांसद बीपी सरोज रहें। कार्यक्रम मे सांसद बीपी सरोज ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर किये गए कार्यों के साथ साथ उपलब्धियो को बारी बारी से गिनाया। भाजपा के द्वारा चलाये गये महासंपर्क अभियान के लोक सभा संयोजक बृजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष मछलीशहर ने बताया कि यह महासंपर्क अभियान 30 मई से 30जून तक मछलीशहर लोक सभा के पांचो विधान सभा मे क्रम वार चलाया जायेगा। विधानसभा संयोजक भाजपा जिलाउपाध्यक्ष श्रीप्रकश पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान के तहत आम जनता और कार्यकर्ताओ को प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा किये गए कार्यकाल कि उपलब्धिओ के विषय मे चर्चा कर जानकारी दी जाती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन कैलाश सिंह भाजपा नेता ने किया।उपस्थित लोगो मे भाजपा विधान सभा पांचो मंडल अध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा, किसान मोर्चा के अध्यक्षऔर रमेश सिंह, माधवानंद शुक्ला मौजूद रहें। अंतिम मे कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहें छविनाथ चौबे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर कविता से कवियों ने दी श्रद्धांजलि



प्रखर गाजीपुर। क्षेत्र के अरसदपुर जंगीपुर स्थित श्री आत्मप्रकाश स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौका था राष्ट्रीय लोक दल द्वारा आयोजित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुण्य तिथि का। कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक अक्खड़ और ईमानदार नेता बताते हुए किसानों का सच्चा हितैषी कहा। भाई भतीजावाद से उपर उठकर राष्ट्रीय सोच तथा देश हित में कठोर निर्णय लेने वाले ऐसे नेता करार दिया जो अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किए। इस मौके पर जनपद के नामचीन उपस्थित कवियों ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को उंचाई प्रदान किया। गौरीशंकर पाण्डेय सरस ने चौधरी साहब को कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि,'बेमिसाल रहनुमा थे जग जान लिया। वाक्पटु प्रतिभाशाली थे जग जान लिया। साथ ही उपस्थित श्रोताओं के निवेदन पर एक बेटी का अहसास ए दर्द गीत की प्रस्तुति,केहू ना ही जाने मन क मरमियां, केतना कसाई भईल बा ई दुनियां, सोचि सोचि आवेले रोवाई रे माई, कइसे जीयल अब जाई लोगों की आंखें डबडबा गई।गीत के भाव को हर कोई नमः आंखों से सोचने पर मजबूर हो गया।। हास्य-व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर वरिष्ठ कवि विजय कुमार मधुरेश ने अपने अनेकों हास्य व्यंग से लोगों का खूब मनोरंजन किया। पीते रहे बीड़ी जो दुकान से उधार के। अब सब्जी बेचते हैं इलेक्शन हार के।।-- ईमानदार होके का करबा, महान होके का करबा, जब बेईमानी करही ना आई त गांव क परधान होके का करबा --। कामेश्वर द्विवेदी और दिनेश चंद्र शर्मा रवि ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को उंचाई प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाशंकर यादव तथा संचालन विजय कुमार यादव 'मधुरेश ने किया। इस मौके पर रामअवध यादव विजय सिंह सीता राम यादव रीता जायसवाल, लालजी मनोरमा, कालिंदी, मोहनलाल आदि उपस्थित थे।

## लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर वाराणसी में स्कैन एंड शेयर से बन रहे ऑनलाइन पर्चे




प्रखर रामनगर वाराणसी। स्थित लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय मे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत शुरू हुआ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर्चा driefcase app और आभा एप्प से स्कैन एंड शेयर के माध्यम से चंद मिनटों मे बन जायेगा.. अब मरीजों को घंटो लाइन मे नहीं लगना पड़ेगा. ऑनलाइन स्कैन एंड शेयर से पर्चा बनाने के लिए आपके पास एंड्राइड फोन होना चाहिए जिससे आप टोकन जनरेट करके तुरंत पर्चा प्राप्त कर सकते हैं स्कैन एंड शेयर के लिए एक अलग से काउंटर की व्यवस्था की गई हैं, जिससे टोकन जनरेट के बाद तुरंत पर्चा मिल जाये पैथोलॉजी रिपोर्ट भी मोबाइल पर- अब आप पैथोलॉजी रिपोर्ट भी अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं, और चिकित्सालयों मे ये व्यवस्था भी लागु हो गई हैं, एल. बी. एस. मे भी बस कुछ ही दिन मे शुरू हो जायेगा। लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के इंजी. दिलीप कुमार सोनकर (सीनियर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव) ने बताया की जबसे स्कैन एंड शेयर व्यवस्था शुरू हुआ हैं तब से टोकन वाले मरीजों के लिए अलग से काउंटर खोलकर उनको तुरंत पर्चा दिया जा रहा हैं, जिससे प्रेरित होकर और लोग भी स्कैन एंड शेयर के माध्यम से पर्चा बनाने मे इंटरेस्ट ले रहे हैं। रोज लगभग स्कैन एंड शेयर से 250 से 300 पर्चा बन जाता हैं, जिससे पर्चा काउंटर पर भीड़ कम हो जाती है।

## विदुषी का चयन छात्रवृत्ति के लिए



प्रखर जौनपुर। जिले के त्रिलोचन महादेव की निवासिनी विदुषी वर्मा का चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। संपूर्ण भारत से चुने गए प्रतिभागियों में विदुषी का चयन भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन)में हुआ है। जबकि संपूर्ण उत्तर प्रदेश से सिर्फ दो प्रतिभागियों को गायन में चुना गया है। विदित हो कि पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा भी विदुषी को पुरस्कृत किया गया था। विदुषी सनबीम इंग्लिश स्कूल भगवानपुर ,वाराणसी में कक्षा 11वी की छात्रा है। ख्यातिलब्ध शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे से विदुषी गायन का शिक्षा- दीक्षा ले रही है।

# वीडीए के आदेश को अनदेखा कर सरकारी सील तोड़ अवैध निर्माण जारी



प्रखर वाराणसी। थाना चौक क्षेत्र के कच्चीसराय मे वीडीए के आदेश के बाद उस भवन को सील कर दिया गया था। मकान संख्या सी०के० 65/15 जो की शिकायतकर्ता के उक्त शिकायती पत्र के अनुक्रम मे अवगत कराना है कि भवन संख्या C K 68/15 कच्चीसराय चौक वाराणसी पर अनाधिकृत निर्माण कराये जाने पर उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्व मे नोटिस जारी की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार पक्ष मुश्ताक वगैरह द्वारा उक्त अनाशिकृत निर्माण को समन कराये जाने हेतु शमन मानचित्र दाखिल किया गया। पक्ष द्वारा दिये गये झूठे शपथ पत्र एवं भू- स्वामित्व संबंधित अभिलेख न प्रस्तुत किये जाने के कारण शमन मानचित्र को अस्वीकृत किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। चुकी अनाधिकृत निर्मानकर्ता मौके पर जी+1 का ढांचा निर्माण पूर्व मे ही कर लिया गया है तथा वर्तमान मे पक्ष द्वारा भूतल को अध्यासित कर लिया गया है। इसलिए सील तोड़कर अध्यासन करने के कारण अनाधिकृत निर्माणकर्ता के विरुद्ध थाना चौक मे एफआईआर दर्ज नही की गई है। शिकायतकर्ता के द्वारा कई बार वीडीए के उपाध्यक्ष व थाना अध्यक्ष चौक से मिलकर इस प्रकरण के विषय मे उनको बताया लेकिन न ही विभाग के द्वारा और नहीं थाने के माध्यम से कोई कार्यवाही नही हो पाई। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर उसके संबंध मे IGRS के माध्यम से प्रार्थनापत्र दिया गया। जिसपर वीडिए द्वारा एफआईआर का भी आदेश हो गया है। वही मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि वीडीए के कुछ अधिकारी व थाना चौक के कुछ अधिकारी लोगो के मिलीभगत से कोई कार्यवाही व फिर नहीं दर्ज हो पा रहा है।

# गड्ढा मुक्त सड़क का दावा खोखला, सरकार को आइना दिखा रही जखनियां की सड़कें



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनियां तहसील में रोडो की जर्जर हालत की वजह से जखनिया तहसील के इर्द-गिर्द 10 किलोमीटर तक रहने वाले आम जनता एवं व्यापारियों की हालत मुख्यालय आने जाने में खराब हो जाती हैं, और बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। हल्की बारिश होते ही सारी सड़के तालाबों में तब्दील हो जाती हैं। जहां पर जखनियां तहसील, ब्लॉक, कोतवाली, सीएच सी, प्रमुख औद्योगिक शैक्षणिक केंद्र हैं वहां प्रतिदिन कई हजार लोगों का आवागमन होता है। पर दयनीय सड़कों के कारण लोगों के आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुसार सभी रोडो को गड्ढा मुक्त का आदेश हुआ था पर यहाँ के ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत, संबंधित उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण आधा अधूरा ही काम किया गया। रामपुर से तहसील गेट तक अधिकारियों के आने जाने के लिए सड़के दुरुस्त कर दी गई और आम जनता के लिए अन्य सड़के वैसे ही छोड़ दी गई। थोड़ी सी ही बारिश हो जाने पर जखनिया बाजार में चारों तरफ पानी भर जाता है, जिसके कारण से आम जनता एवं व्यापारियों को बहुत ही कष्ट और असुविधा होती है। पूरा व्यापार चौपट हो जाता है। बारिश के दिनों में तो लोगों का जखनिया में आवागमन तक बंद हो जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जखनिया मेन बाजार से भुड़कुड़ा की तरफ जाने वाली रोड तो अत्यंत दयनीय स्थिति में है, बड़ी महीने सड़कों पर पानी बहता है। पानी की समुचित निकासी न होने से आवागमन नरकीय हो गया है। उक्त समस्याओं को कई बार संबंधित अधिकारी से उप जिलाधिकारी से यहाँ जनप्रतिनिधि, संघर्ष समिति, सत्ता दल के लोग मौखिक और पत्रक देकर कह चुके हैं।लेकिन इसका कोई समाधान अब तक नहीं निकला है। जखनिया बाजार के सड़कों से यहाँ के विधायक और सांसद का कभी कोई लेना-देना ही नहीं रहा गया हैं। इन लोगों ने जखनिया वासियों को उनके हालात पर छोड़ रखा है। और अधिकारियों की मनमानी और अनदेखी की वजह से लोगों में इनके प्रति आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। इस संबंध में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने कहा संबंधित अधिकारियों से इस बारे में कई बार अवगत करा चुके हैं। जखनिया के साथ संबंधित अधिकारियों का वर्ताव ठीक नहीं। जखनिया में समझ में नहीं आता कि यहां सड़क में गड्ढा है या, गड्ढे में सड़क है। स्थानीय व्यापारियों ने अधिकारियो को आगाह किया की बारिश शुरू होने से पहले इन सभी रोडो को दुरुस्त किया जाए। और जखनियां मेन मार्केट से जाही त्रिमुहानी तक तत्काल पैचिंग किया जाए ताकि जखनिया बाजार में आने जाने वालों लोगों को असुविधा ना हो। अन्यथा जिले के प्रभारी मंत्री से लिखित शिकायत पत्र देकर मुख्यमंत्री को भेजने का काम किया जायेगा। इस मौके पर जखनिया के व्यापारी विजय गुप्ता, अशोक गुप्ता,गोपाल मद्देशिया, रविंद्र चौरसिया, अमित जायसवाल, प्रशांत सिंह, मुकेश वर्मा, संतोष सोनकर, राजेश यादव, अच्छेलाल चौहान सहित प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहें।

## टेंपो और ट्रेलर के आमने सामने भिडंत में एक ही परिवार के सात घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार की रात रंग का मैदान में चल रही प्रदर्शनी देखकर टेंपो से घर जा रहे हैं एक ही परिवार के साथ लोग ट्रेलर गाड़ी की चपेट में आने से घायल हो गए घायलों में भाई बहन समेत तीन लोग बुरी तरह गंभीर घायल हो गए। टेंपो और ट्रेलर की आमने सामने भिडंत में एक का पैर टूट गया तथा दूसरे का हाथ टूटा वही महिला के सिर में गंभीर चोटे आई है। बाकी चार घायलों को हल्की चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। जबकि गंभीर रूप से तीन घायलों का इलाज वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार जंगीपुर के वार्ड नंबर 10 शास्त्री नगर निवासी मुन्ना गुप्ता अपने परिवार के सदस्यों के साथ शहर के लंका मैदान में प्रदर्शनी देखकर ऑटो से घर जा रहे थे। ऑटो अभी गोरखपुर गाजीपुर मार्ग पर अंधऊ बाईपास के पास ही पहुंका था की, गोरखपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रेलर गाड़ी और टेंपो में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें टेंपो गाड़ी के अंदर घुस गया। टेंपो एवं ट्रेलर की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया।



टेंपो में आगे बैठे मुन्ना गुप्ता उम्र 45 का पैर टूट गया, वहीं उनके भतीजे मुकेश गुप्ता उम्र 30वर्ष का हाथ टूट गया, ससुराल से मायके घूमने आई छोटी बहन संगीता उम्र 35 वर्ष के सिर में गंभीर चोट आने की वजह से डॉक्टरो ने वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पूजा उम्र 40 वर्ष, अक्षांश उम्र 15 वर्ष, ब्रियंजल उम्र 20 वर्ष, आस्था उम्र 10साल को हल्की चोटें आई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जय श्री नर्सरी देखने पहुंचे अमर उजाला के संपादक



प्रखर वाराणसी। वाराणसी जनपद के चोलापुर क्षेत्र के बबियांव गांव में स्थिति जय श्री नर्सरी देखने मंगलवार को अमर उजाला अखबार के संपादक वीरेंद्र कुमार आर्य और उनके साथ यादवेश कुमार, व अशोक मौर्य भी पहुंचे। बागवानी को देख काफी सराहना की। साथ ही शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा किए गए नए- नए प्रयासों को जाना और उसकी भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुव्यवस्थित, सुसज्जित एवं बेहतर बागवानी मैंने बहुत कम देखी है। जिस प्रकार से बागवानी का संचालन शैलेंद्र रघुवंशी जी कर रहे हैं, वह बेहद ही सराहनीय है। बता दें कि जय श्री नर्सरी वाराणसी ही नहीं प्रदेश की उन्नत नर्सरियों में से एक है। नर्सरी का संचालन करने वाले शैलेंद्र रघुवंशी उत्तर प्रदेश के उन्नत किसानों में से एक हैं। जिन्हें कई बार उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। नर्सरी संचालन के साथ शैलेंद्र सिंह रघुवंशी तमाम क्षेत्र के किसानों को बेहतर कृषि कार्य करने एवं फसल पैदा करने का प्रशिक्षण भी देते हैं, साथ ही नई तकनीक भी किसानों को सिखाते हैं। जय श्री नर्सरी से आसपास एवं जिले के हजारों किसान जुड़े हुए हैं और कृषि व नर्सरी क्षेत्र में बेहतर कर रहे हैं।

### नोनहरा पुलिस ने किया पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद एवं थानाध्यक्ष नोनहरा के मार्गदर्शन में मंगलवार को उप निरीक्षक सुदामा प्रसाद व कांस्टेबल आदर्श यादव द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण क्रमशः सुनील कुमार पुत्र मुन्ना राम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम वारिखपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर तथा धीरेन्द्र कुमार उर्फ सत्येन्द्र पुत्र धीरजू राम उम्र करीब 20 वर्ष ग्राम वारिखपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को खास मुखबीर की सूचना पर समय सुबह 07.30 बजे पारा चट्टी थाना क्षेत्र नोनहरा से गिरफ्तार किया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी पूर्व मे की जा चुकी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणो के विरुद्ध अग्रीम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही थाना नोनहारा पुलिस द्वारा जारी है।

### वाहनों की चोरी कर बिक्री करने वाले गैंग का पर्दाफाश



प्रखर मिजार्पुर मड़िहान। पुलिस अधीक्षक 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वाहनों की चोरी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । थाना मड़िहान पुलिस को दिनांकः29.05.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मड़िहान क्षेत्र में कुछ व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचने की फिराक में है । उक्त सूचना पर क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मौके से चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल के साथ 03 शातिर वाहन चोरो को पकड़ा गया, जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता क्रमशः 1.गोलू मिश्रा उर्फ शशांक पुत्र स्व0महेन्द्र मिश्रा निवासी देवरीकला थाना मड़िहान 2.निरंजन पुत्र स्व0संतोष कुमार निवासी अघवार थाना पड़री 3.अरुण कुमार पुत्र मिठाईलाल निवासी भदौहा थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर बताया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं